CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 14 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –14 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु




- मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!
- क्रिकेट, कोहली और बाजार — पृष्ठ 4
- अमेरिका ने की ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा
- गाजा में नाकाबंदी के कारण 57 बच्चों की भूख से मौत : डब्ल्यूएचओ — पृष्ठ 9
- कोहली के संन्यास से इंग्लैंड को बड़ा फायदा होगा : मोईन — पृष्ठ 10


### विदेश मंत्रालय ने किया साफ

# कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

**नई दिल्ली**, 13 मई (एजेंसियां)। भारत ने मंगलवार को साफ किया कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का श्रेय लेने के दावों को भी नकार दिया।

**चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के



बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

**ये पाकिस्तान की मजबूरी थी**

विदेश मंत्रालय ने ये भी बताया कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर सहमति बनी थी। पाकिस्तान की ओर से इस बातचीत के लिए अनुरोध उसी दिन किया गया था।

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक दिन पहले मध्यस्थता की बात कही थी
- भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे मामला
- पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा

भारत ने साफ किया कि ये पाकिस्तान की मजबूरी थी, क्योंकि उसी दिन सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरफोर्स के ठिकानों पर अत्यधिक हमले किए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये भारतीय सेना की ताकत थी, जिसने पाकिस्तान को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए मजबूर कर दिया।

**हमारा निशाना आतंकी ठिकाने थे**

ऑपरेशन सिंदूर में कई जगहों को पाकिस्तान में नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान ने भारतीय सेना की क्षमता देखी। पाकिस्तान के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा। हमारा टारगेट आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर थे। 9 मई की रात पाकिस्तान का हमला हमने फेल किया। वहां के एयरबेस ध्वस्त होने के बाद पाकिस्तान ने डीजीएमओ लेवल की बातचीत की पेशकश की। पाकिस्तान में हुए हमले की सैटेलाइट पिक्चर मौजूद हैं। ये आपके हर सवाल का जवाब देंगी। पाकिस्तान ने हर जंग हारने के बाद ढोल बजाया है। यह उनकी पुरानी आदत है।

## हर आतंकी हमले का जवाब देंगे: मोदी



**जालंधर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।'

# केन्द्रीय मंत्री ने 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी

### अब कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सबके बनेंगे पक्के मकान : शिवराज

**अंबिकापुर**, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अम्बिकापुर में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए। सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को उनके पूर्ण हो चुके आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय मंत्री ने आवास का निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के आवास का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के



हितग्राहियों के नवनिर्मित 51 हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया तथा अमृत सरोवर पोर्टल का शुभारंभ किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नया सर्वे हो रहा है और जिनके कच्चे मकान हैं, उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### साय कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 14 मई को सवेरे 11.3 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित होगी।

### ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अस्थायी रूप से स्थगित करने के प्रधानमंत्री के बयान पर सवाल किया और कहा कि पहले कभी नहीं सुना कि सैन्य कार्रवाई कभी अस्थाई रूप से रोकी जाती है। अगर 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया है तो ये बातें साफ होनी चाहिए।

### कश्मीर के शोपियां में लश्कर चीफ समेत तीन आतंकी ढेर

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख दो अन्य आतंकवादियों के साथ मारा गया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

### सेवानिवृत्ति के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लूंगा: संजीव खन्ना

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि वह रिटायर के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में अपनी पारी जारी रखेंगे।

### संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज**। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया।

### बर्खास्तगी मामला

# हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को किया निरस्त

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। हाईकोर्ट की डबल बैंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 106 कर्मियों की बर्खास्तगी के मामले में बैंक की अपील आंशिक रूप से स्वीकार की है। कोर्ट ने सहकारी बैंक की अपील पर सिंगल बेंच के आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें सहकारी बैंक के कर्मचारियों की बर्खास्तगी को गलत ठहराते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को यह आदेश दिया है कि वह निकाले गए कर्मचारियों का पक्ष जानने के बाद ही यह तय करे कि उन्हें नौकरी पर रखना है या बर्खास्त करना है। बता दें कि वर्ष 2016 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने 106 लोगों को नियुक्ति दी थी, जिन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था। इस मामले में 29 कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई को चुनौती दी। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संबंधित कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर दिया था। कोर्ट ने माना कि कर्मचारियों का पक्ष जाने बिना ही उन्हें बर्खास्त ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- सहकारी बैंक के बर्खास्त कर्मचारियों का पक्ष सुनने का आदेश

### कांस्टेबल को ट्रैक्टर से कुचलने का मामला

## हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी

बलरामपुर के लिब्रा घाट पर अवैध रेत खनन रोकने गई वन और पुलिस की संयुक्त टीम पर हुए हमले में आरक्षक शिवभजन सिंह की मौत हो गई। इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने आज मामले की सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अवैध खनन पर रोक के लिए पहले से निर्देश जारी हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, यह बेहद गंभीर स्थिति है। स्टेट अफेयर्स की हालत चिंताजनक है। वहीं ये भी कहा कि इस तरह की घटना का दोहराव नहीं होना चाहिए। मामले में 9 जून को अगली सुनवाई तय की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## तलाक के बाद भी एक ही घर में रहेंगे पति-पत्नी

छत्तीसगढ़ में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आपसी विवाद में तलाक के बाद भी पति-पत्नी एक ही घर में रहेंगे।

**हाईकोर्ट ने 6 बिंदुओं पर दी सहमति**

कोर्ट में सुनवाई से पहले दोनों ने आपस में समझौता किया। कोर्ट ने पति को घर के ग्राउंड फ्लोर और पत्नी को फर्स्ट फ्लोर में रहने की सहमति दी है। यह मामला दुर्ग जिले का है।

फैमिली कोर्ट के तलाक के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की पहल के बाद पति-पत्नी ने सुलह का रास्ता अपनाया है। उनके बीच 6 बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसके मुताबिक उन्हें घर के खर्च में बराबर का हिस्सा देना होगा। गवाहों की मौजूदगी में ये एग्रीमेंट कराया गया। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि ऐसा तलाक के आदेश को रद्द करने और विवाह में एकता और संबंधों में स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए किया गया है। दरअसल, दुर्ग निवासी महिला और उसके पति के बीच आपसी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सीबीएसई में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

### 10वीं में 95 प्रतिशत व 12वीं में 91 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण

**नई दिल्ली**, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमश: 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## 18 तहसीलदारों और अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारियों को डिप्टी कलेक्टर पद पर किया गया प्रमोट

**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक सेवा में बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश के 18 तहसीलदारों और अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारियों को राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया है। सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु. 56,100-रु.1,77,500) में अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है।

# पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 21 की मौत

**अमृतसर**, 13 मई (एजेंसियां)। पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।



**10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा**–वहीं, दोपहर को मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। मान ने कहा है कि यह दुखदायी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जहरीली शराब पीने से अब तक 21 के करीब लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा- जिस गांव में हम खड़े हैं, 5-6 मौतें इसी गांव की हैं। ये मौतें नहीं, बल्कि मर्डर हैं।

शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने मंगलवार को मजीठा में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना को 'सरकारी हत्या' करार दिया और केन्द्र सरकार से घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबाआई) से जांच करवाने की मांग की। श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि यह घटना सरकार की आपराधिक लापरवाही और ड्रग माफिया के साथ सांठगांठ का नतीजा है, जिसने पंजाब को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने किया चुनाव प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श

**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज राष्ट्रीय जनता पार्टी (नेशनल पीपल्स पार्टी) के अध्यक्ष कॉनराड संगमा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से निर्वाचन आयोग के कार्यालय में मुलाकात की।



- अब तक 4,719 सर्वदलीय बैठकों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि हुए शामिल

भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों और 3,879 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठकें आयोजित की गईं, इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

गौरतलब है कि विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित संवाद किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा करना है। इस पहल का एक उद्देश्य यह भी है कि सभी हितधारकों के साथ मिलकर मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है। यह भी उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने इसी कड़ी में कुछ दिनों पूर्व बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष कु. मायावती (6 मई), भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा (8 मई) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम. ए. बेबी (10 मई) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की थी।


## नक्सलियों ने की मारूडबाका सोसायटी संचालक की हत्या

**बीजापुर**, 13 मई (देशबन्धु)। नक्सलियों ने की कायराना करतूत, मारूडबाका सोसायटी संचालक नागा भण्डारी पिता उर्रा भण्डारी की कुल्हाड़ी से मारकर की। नागा भण्डारी सामाजिक कार्यक्रम मे शामिल होने लिंगापुर गये हुए थे, जहां देर रात करीबन 11.30 बजे अज्ञात माओवादियों के द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने की सूचना थाना मे प्राप्त हुई है।



सूचना पर थाना उसूर द्वारा मृतक के शव का मौके पर पंचनामा कार्यवाही, शव के पीएम उपरान्त मृतक के शव को ससम्मान परिजनों को सुपुर्द किया गया है, शेष वैधानिक कार्यवाही थाना उसूर के द्वारा की जा रही है। यह भी सूचना मिली है कि थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंचाल एंव मीनागटटा के कुछ ग्रामीणों की माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना की तस्दीकी कराई जा रही है। तस्दीकी उपरान्त विस्तृत जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

## नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के दावों में विरोधाभास : भूपेश



**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के दावों में विरोधाभास है इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। नक्सलियों के खिलाफ हर लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का खुला और बिना शर्त समर्थन है। पर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। श्री बघेल रायपुर में अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं जिससे संदेह पैदा हो गया है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पदों से इस्तीफा दे

श्री बघेल ने कहा कि 8 मई को रात में घटना घटित हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है और ऐसी कोई संख्या नहीं है, यह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### हालात — आपदाओं के कारण लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

# भारत में 54 लाख लोगों का हुआ विस्थापन

- पिछले 12 वर्षों में है सबसे बड़ा आंकड़ा
- बाढ़ की वजह से सबसे अधिक विस्थापन

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। भारत में साल 2024 में बाढ़, तूफान और अन्य आपदाओं के कारण 54 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा, जो 12 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।**

*रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हिंसा के कारण केवल 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 की तुलन में कम हैं, जब मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। मणिपुर में घरों को जलाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं के कारण 2024 में 1,000 लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा।*

*इसमें बताया गया है कि भारत में दो-तिहाई विस्थापन बाढ़ की वजह से हुए। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, मिट्टी का कटाव और बांध व तटबंधों की देखभाल की कमी को विस्थापन के बड़े कारण बताया गया है। असम में साल 2024 में 25 लाख लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ, जो कि पिछले एक दशक की सबसे खौफनाक बाढ़ का नतीजा था। तूफानों के कारण 16 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इसमें बड़े चक्रवात भी शामिल हैं।*

***चक्रवात की वजह 10 लाख लोगों ने छोड़े घर***

*चक्रवात 'दाना' अक्तूबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में बना था, जिसने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 10 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर किया। इनमें ज्यादातर लोग मौसम विभाग की चेतावनियों के बाद पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिए गए थे। इसके तहत राज्य सरकारों ने स्कूल बंद किए, हजारों राहत शिविर बनाए गए और लाखों लोगों को स्थानांतरित किया गया।*

*पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से 2.08 लाख लोग विस्थापित हुए। यह चक्रवात 24 मई 2024 को बंगाल की खाड़ी में बना था। जैसे ही रेमल उत्तर की ओर बढ़ा, इसने ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों को उफान पर ला दिया, जिससे असम में करीब 3.38 लाख लोग विस्थापित हुए।*

*त्रिपुरा ने 2024 में पिछले 40 वर्षों की सबसे खराब मानसून बारिश झेली। भारी बारिश के कारण अगस्त के मध्य में 2,000 से ज्यादा जगहों पर भूस्खलन हुए, जिससे 3.15 लाख लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी। सड़कों के बंद हो जाने से राहत सामग्री पहुंचाने में भी परेशानी हुई।*

# युवा कैरियर निर्माण के लिए समय का सही उपयोग करें - कलेक्टर




## हथनीकला में स्टेडियम समतलीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ, युवाओं में दिखा उत्साह

**मुंगेली, 13 मई (देशबन्धु)।** जिले के ग्राम हथनीकला में युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन की पहल पर लंबे समय से प्रतीक्षित स्टेडियम समतलीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय युवाओं को खेलकूद, दौड़ और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे न केवल उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि कैरियर निर्माण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हथनीकला जैसे ग्रामीण क्षेत्र से सौ से अधिक युवा आज सेना और अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में देश की सेवा कर रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने समय का सदुपयोग करें, सकारात्मक सोच रखें और उत्तम संगति में रहें। उन्होंने माता-पिता और बुजुर्गों के सम्मान की बात कही और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना युवाओं की जिम्मेदारी है।पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण युवाओं की सक्रियता की सराहना करते हुए रामायण के श्लोकों के माध्यम से जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से स्टेडियम का सही उपयोग करने, इसे नशा मुक्त और अनुशासित क्षेत्र बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने युवाओं को बधाई दी और विकास कार्यों में सहयोग की बात कही। कार्यक्रम में पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, जनपद सदस्य भुवनेश्वरी किशोर यादव, ग्राम सरपंच सुषमा प्रीतम कौशल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में युवा एकता समिति द्वारा सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## डॉ. संजय वर्मा बने छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज नए जिलाध्यक्ष



**मुंगेली** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज, मुंगेली को नया नेतृत्व मिल गया है। समाज के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव की संस्तुति और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद खरे के अनुमोदन पर डॉ. संजय वर्मा को मुंगेली जिला इकाई का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।इस नियुक्ति के बाद डॉ. वर्मा ने समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारियों, प्रदेश प्रतिनिधियों और संरक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि समाज ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उसके प्रति पूरी निष्ठा, ऊर्जा और तन्मयता से कार्य करेंगे। डॉ. वर्मा ने यह भी कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक उत्थान और एकजुटता के लिए काम करेंगे।जैसे ही यह सूचना समाज के सदस्यों व इष्टमित्रों तक पहुंची, डॉ. वर्मा को बधाई देने वालों का तांता लग गया। जगह-जगह से उन्हें शुभकामनाएं और समर्थन प्राप्त हो रहा है। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कायस्थ समाज नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा।

# मुख्यमंत्री के संभावित प्रवास को लेकर प्रशासन ने की तैयारी



## अलर्ट, कलेक्टर व एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

**मुंगेली** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित प्रवास को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।अधिकारियों ने सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम पहुंचकर हेलीपेड स्थल का जायजा लिया। इसके पश्चात जिला ग्रंथालय में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष, प्रेस क्लब, सायबर सेल तथा हाल ही में तैयार हुआ परिवहन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया।कलेक्टर ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, यातायात व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, बेरिकेटिंग, मंच निर्माण, टेंट, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति तथा बैठक व्यवस्था जैसी सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने समन्वयपूर्वक कार्य करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नवनीत कौर छाबड़ा, मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।प्रशासनिक गतिविधियों की तेजी से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है और प्रशासन इसे सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

# सार-संक्षेप

## बीजा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ

**तखतपुर**,13 मई (देशबन्धु)। बीजा में गोविंद माधव मिश्रा के निवास स्थान में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ, पंचवेदी पूजन तथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, कलश यात्रा अशोक पाठक के यहां से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मिश्रा जी के यहां कथा स्थल पर पहुंचा । व्यास पीठ पर रायपुर से आए हुए आचार्य पंडित नंदकुमार चौबे ने प्रथम दिवस भागवत के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य जब जीर्ण- शीर्ण अवस्था में आ गए , आंखों में देखने की ताकत नहीं कानों में श्रवण शक्ति नहीं यहां तक के हाथ पैर हिलाने के लायक भी नहीं रहे जिससे दुखी होकर भक्ति रानी नारद जी से अपनी समस्या रखीं जिससे दुखी होकर नारद जी ने ज्ञान बैरागी को पुष्ट करने के लिए, तरुण अवस्था में लाने के लिए बहुत सा उपाय किया फिर भी सफलता नहीं मिली बार-बार गीता पाठ, वेदपाठ किया गया जब किसी भी प्रकार की सफलता नहीं मिली तब आकाशवाणी हुआ कि नारद जी आपका कार्य सराहनीय हैं आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी इसके लिए आपको सत्कर्म करना होगा । आज की कथा में आयोजक मिश्रा परिवार के साथ ही गांव से कथा श्रवण के लिए लोग आए हुए थे।



## 12वी के विद्यार्थियों ने तखतपुर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया



**तखतपुर**,13 मई (देशबन्धु)। डीएवी स्कूल देवरी खुर्द के 12वी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 2024-25 की वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए तखतपुर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है । विद्यालय के वाणिज्य संकाय की छात्र अनीश गुप्ता ने 94..8 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं फेम अनंत ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है ,तीसरे स्थान पर वाणिज्य संकाय के छात्र नरेंद्र मानिकपुरी रहे,जिन्होंने 86.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। विज्ञान संकाय में सय्यद अंसारी ने 81.2 अंक हासिल कर प्रथम एवं दूसरे स्थान पर तनुश्री यादव रही जिन्होंने 80.8 अंक प्राप्त किए। वही आर्ची कौशिक तृतीय स्थान पर रही जिसने 80.2अंक हासिल किए। कुल 30 विद्यार्थियों में से 80 प्रतिशत अंक 6 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए एवं 14 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा । आयशा अंसारी ने 91.6 अंको के साथ शीर्ष स्थान पर रही। वही पर नित्या शर्मा ने 89.8 अंको के साथ दूसरे स्थान पर , एवम पलक कौशिक 89.6 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही । कुल 63 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र के नाम को किया है एवम कक्षा 10 का परीक्षाफल 93 प्रतिशत रहा। विद्यालय के संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रों के अथक प्रयास एवम उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना प्रेषित की और विद्यालय के शिक्षण को उनके अहम योगदान के लिए बधाई दी।

## धरमपुरा और सरगांव में आज लगेगा समाधान शिविर

**मुंगेली** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 14 मई को मुंगेली विकासखंड के ग्राम धरमपुरा और नगर पंचायत सरगांव में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।धरमपुरा में शिविर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित होगा, जिसमें डोमनपुर, सोढ़ार, पिथमपुर, भठलीकला, धनगांव गो., कोना, कोसमा, लोहड़िया, दशरंगपुर, रोहराखुर्द, बरदुली और घुण्डुकापा सहित 14 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं।वहीं, सरगांव में शिविर मंडी के पास सांस्कृतिक भवन में आयोजित होगा, जिसमें नगर के 15 वार्डों को शामिल किया गया है।शिविर में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दे सकते हैं और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केन्द्रीय मंत्री ने ...

उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि डबल इंजन की सरकार बनी तो सबको पक्के मकान बनाकर देंगे, हमारी सरकार बनते ही हमने अपना वादा निभाया। छत्तीसगढ़ में जो पात्र हितग्राही थे सबके आवास अब स्वीकृत हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हमारा संकल्प विकसित भारत के निर्माण का है। विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा। उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन लाख लखपति दीदी बनीं हैं। आने वाले समय में 4 लाख लखपति दीदी बनाएंगे। महिला स्व-सहायता से जुड़ी हर दीदी को लखपति बनाएंगे। गांव के हर एक गरीब को रोजगार से जोड़कर उसकी आमदनी बढ़ाएंगे।

**खेती को बनाएंगे फायदे का धंधा**

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि खेती को फायदे का धंधा बनाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल 3100 रुपए प्रति चिंटल के भाव से खरीद रहे हैं। किसानों की आय को बढ़ा रहे हैं। मेरे पास 16000 से अधिक कृषि वैज्ञानिक है। 29 मई से 12 जून तक कृषि वैज्ञानिक गांवों में आएंगे और 15 से 20 गांवों के किसी सेंटर पर किसानों के साथ बैठकर कृषि को फायदे का धंधा बनाने के लिए चर्चा करेंगे। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए, वे आपके बीच जाएंगे, आपकी समस्या को सुनेंगे, आपके खेत को देखेंगे, मिट्टी-मिट्टी का परीक्षण करेंगे कि खेत किस प्रकार की फसल के लिए उपयुक्त है। खरीफ फसलों की तैयारी के लिए सुझाव देंगे। खेती के साथ पशुपालन, उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज जिन 51000 हितग्राही को अपने घर का चाबी मिल रही है उन सभी को शुभकामनाएं। इसके साथ आपको बिजली, पानी सभी सुविधा मिलेगी। एक साथ कई सुविधा दे रहे हैं ताकि आपके जीवन में कोई भी अभाव ना रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सल प्रभावित जिले में 15 हजार आवास की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लेबर बजट बढ़ा दिया जाएगा। घर बनाने के लिए हितग्राहियों को 90 दिन की मजदूरी भी दी जाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत अब सहने वाला नहीं, जवाब देने वाला राष्ट्र बन चुका है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए विशेष कर सरगुजा संभाग के लिए सौभाग्य का दिन है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास देने वाले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ की पावन भूमि में पधारे है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार बनते ही 14 दिसम्बर की पहली कैबिनेट बैठक में हमने पहला काम 18 लाख आवास की स्वीकृति देने का किया।

**पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराएंगे आवास**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अभी आवास प्लस-प्लस का सर्वे चल रहा है। सब से आग्रह है कि 15 मई तक सर्वेक्षण में अपना नाम जुड़वा लें। इस बार आवास के लिए पात्रता में कई छूट दी गई हैं। जिनके पास पांच एकड़ असिंचित जमीन या ढाई एकड़ सिंचित जमीन है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपए तक है, जिनके पास मोटर सायकल हैं उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्र माना गया है। आम जनता की समस्या के समाधान के लिए प्रदेश में चल रहा है सुशासन तिहार- मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए 3 चरणों में सुशासन तिहार चल रहा है। पहले चरण में लोगों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में उनका समाधान किया गया और तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं और मंत्रिगण समाधान शिविर में शामिल हो रहे हैं। विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है और समीक्षा बैठक आयोजित किया जा रहा है। अभी तक मैं 11 जिले का दौरा कर चुका हूं । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर लिया है। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन करा रहे हैं। तीर्थदर्शन योजना पुनः प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले 6 महीने में 5 हजार पंचायतों में इनकी स्थापना की जाएगी और जल्द ही सभी पंचायतों में इन सुविधा केन्द्रों की स्थापना होगी। इन केन्द्रों में हितग्राही महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं की राशि का आहरण कर सकेंगे और आय, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि के पंजीयन में अनेक रिफॉर्म किए गए हैं। अब रजिस्ट्री करते ही नामांतरण का काम हो जाएगा ये बहुत बड़ा रिफॉर्म है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है।

### हाईकोर्ट की डबल बेंच ने ...

कर दिया गया। सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ बैंक प्रबंधन ने डिवीजन बेंच में अपील की थी। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने फैसला देते हुए सभी बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करने के सिंगल बेंच के फैसले को निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता यानी बैंक प्रबंधन को यह निर्देश दिया कि जिन कर्मचारियों ने भी अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी है, उनका पक्ष जाना जाये और उसके बाद ही उनकी बर्खास्तगी को लेकर कोई फैसला किया जाये। कोर्ट ने इसके लिए प्रबंधन को 3 माह का समय दिया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिलासपुर में भाजपा नेता देवेंद्र पांडेय के अध्यक्षीय कार्यकाल में 2016 में 106 कर्मचारियों की भर्ती की गई थी। इस भर्ती के लिए एक एजेंसी के जरिये उम्मीदवारों की परीक्षा ली गई और फिर इंटरव्यू के बाद नियुक्तियां दी गई। भर्तियों में गड़बड़ी की शिकायत होने के बाद तत्कालीन सीईओ और कलेक्टर ने नियुक्त किया गए सभी लोगों को बर्खास्त कर दिया था। बताया जाता है कि इन भर्तियों के लिए विधिवत ढंग से अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं कई लोग परीक्षा में नहीं बैठे और उन्हें भी नौकरी दे दी गई। इंटरव्यू कमेटी में बैंक प्रबंधन ने अपने ही अपात्र कर्मचारियों को शामिल कर लिया था। इंटरव्यू के नंबर भी काफी ऊपर-नीचे थे। इसके अलावा कई अनेक गड़बड़ियां उजागर हुई थीं। जिसे देखते हुए यह भर्ती ही निरस्त कर दी गई थी।

### हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान...

गई है। बता दें कि नदी किनारे अतिक्रमण की शिकायत पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान नदी घाट पर झारखंड के खनन माफिया को अवैध रेत खनन करते देख रोकने का प्रयास किया गया। इस पर झारखंडी खनन माफिया ने टीम पर ही हमला कर दिया। रेत माफियाओं ने आरक्षक को ही ट्रैक्टर से कुचल दिया, जिससे आरक्षक शिव भजन सिंह की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते के बाद आईजी और एसपी वैभव बैंकर ने मौके पर पहुंचे थे। मामले में टीआई सस्पेंड-इस पूरे मामले में आईजी दीपक झा ने थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है। आदेश में लिखा कि वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए आधी रात को टीआई अपर्याप्त बल लेकर अवैध रेत खनन रोकने गए थे, जहां खनन माफिया ने घटना को अंजाम दिया।

### तलाक के बाद भी ...

विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते मामला फैमिली कोर्ट पहुंच गया। फैमिली कोर्ट ने 9 मई 2024 को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत पेश परिवाद को स्वीकार करते हुए तलाक की अर्जी मंजूर की थी। इस फैसले के खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। यह मामला हाईकोर्ट में चल रहा था। हाईकोर्ट अपील की सुनवाई के दौरान ही पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद सुलझा लिया। 28 अप्रैल 2025 को गवाहों की उपस्थिति में एग्रीमेंट का दस्तावेज तैयार किया गया। इसे 1 मई 2025 को हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया। हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2025 के समझौते को दर्ज करते हुए अपील स्वीकार की, जिसके बाद फैमिली कोर्ट के 9 मई 2024 के आदेश और डिक्री को रद्द कर दी। साथ ही स्पष्ट किया कि पति-पत्नी को समझौते की शर्तों को मानना होगा। एग्रीमेंट तोड़ने पर दोनों में से कोई भी दोबारा कोर्ट आ सकते हैं।

### सीबीएसई में लड़कियों ने ...

में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है।

### नक्सल ऑपरेशन पर ...

झूठ है। लेकिन पता चला कि बीजापुर ज़िला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए पहुँचे हैं। बीजापुर की स्थानीय मीडिया, बस्तर की मीडिया और प्रदेश की भी मीडिया को अस्पताल में नहीं जाने दिया गया। चारों ओर सवाल उठे, शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम में निम्न रिलीज़ जारी की गई। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनो में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बरामद नक्सलियों के शवों में से अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।पहचाने गए 20 नक्सलियों के शवों में से 11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मुठभेड़ में बरामद शेष 11 नक्सलियों के शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उनके शव भी परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इस प्रेस रिलीज़ में भी विरोधाभास है।अगर 20 की पहचान कर ली गई है तो सिर्फ़ 11 क्यों सौंपे गये? ?अगर 20 की पहचान हो गई तो 11 की पहचान की प्रक्रिया कैसे जारी हो सकती है? **भूपेश बघेल ने सवाल किया कि** - क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है? अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और मृतकों से उनका क्या क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

## बड़े भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे छोटे भाई की भी वाहन दूर्घटना में मौत


मृतक मोहित दास मानिकपुरी

**तखतपुर**,13 मई (देशबन्धु)। बड़े भाई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे छोटे भाई की भी वाहन दूर्घटना में मृत्यु हो गई।

ग्राम पंचायत चितावर के कोटवार सुकृत दास मानिकपुरी की 12 मई को निधन हो गया था और इसकी सूचना उसके छोटे भाई मोहित दास मानिकपुरी को मिली तो वह 13 मई को सुबह अपने पुत्र के साथ अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चितावर के लिए निकला और जब बलौदा के पास से गुजर रहा था तभी अज्ञात ट्रक की ठोकर से पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। घटना में मौके पर ही मोहित दास मानिकपुरी की मृत्यु हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम छा गया लोग एक भाई के मृत्यु कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ छोटे भाई के भी मृत्यु की सूचना परिजनों को मिली। इसके बाद परिजन शोक से व्याकुल हो गए और तत्काल घटना स्थल की ओर रवाना हुए। घटना स्थल पर पुलिस ने शव का पंचनामा कराया और पोस्ट मार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। छोटे भाई के शव को लेकर परिजन चितावर पहुंचें जहां दोनों भाई का शव देकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एक साथ दोनों शव का दाह संस्कार चितावर में किया गया।

## सीताराम बैगा को बैगा विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित

**गौरेला,पेंड्रा** 13 मई (देशबन्धु)। विशेष संरक्षित बैगा जनजाति के जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गौरेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत देवरगांव मलनिया बांध में आयोजित किया गया था जिसमें 13 गांव के समरथ मोकड्दम और बैगा समाज के पारंपारिक मुखिया उपस्थित थे । बैठक कि शुरुआत करते हुए प्रेम लाल बैगा चुकतीपानी ने उपस्थित सभी मुखियाओं को जोहार पैलगी करते हुए बैठक का उद्देश्य बताया कि बैगा विकास प्राधिकरण का नया अध्यक्ष चयन करना, सामाजिक के गांव स्तर पर रीति रिवाज समरथ मोकड्दम दीवान बनाना और बैगा जनजाति के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र और जिला स्तर बैगा जनजाति के समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए मांग करने का एजेंडा सभी मुखियाओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान समरथ बैगा के द्वारा सीता राम बैगा को बैगा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रूप में प्रस्ताव किया गया जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति के द्वारा प्रस्ताव को हाथ उठा मनोनीत किया गया और सदस्य के रूप में कल्लू राम बैगा, प्रेम लाल बैगा, लखन बैगा, गोपाल बैगा और सुख राम बैगा को मनोनीत किया गया। बैठक में जगत राम बैगा द्वारा जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के बैगा जनजाति के सलाहकार और मीडिया प्रभारी के लिए जिले में काम कर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रताप सिंह के नाम को प्रस्तावित किया गया जिसमें उपस्थित बैगा जनजाति समुदाय के सदस्यों के द्वारा सहमति जताई और प्रस्ताव को सभी के द्वारा अनुमोदन किया गया। उसके बाद बैगा समाज के गांव स्तर पर पारंपारिक रूप से चले आ रहे समरथ मोकड्दम दीवान परंपरा को संचालित करने का निर्णय किया गया जिससे कि समाज के रीति रिवाज पारंपरिक रूप से संचालित हो सके और गांव में पढ़ रहे जिस किसी भी बच्चे का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है उसको समाज के मुखिया के संज्ञान में लाकर बनवाने के लिए तय किया किया गया जिससे कि उसको जल्दी से जल्दी जाति प्रमाण पत्र बन सकें। उसके बाद मान सिंह बैगा के द्वारा जिला स्तर पर बैगा समाज के सामुदायिक भवन बनवाने के लिए चर्चा किया गया उनके द्वारा बताया गया कि बैगा समाज के बच्चे 12वीं तक तो हॉस्टल में पढ़ लेते हैं परंतु उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए उन्हें दिक्कत आती है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम साहिल कुमार बलवानी पिता रोशन लाल अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम साहिल बलवानी पिता रोशन लाल निवासी दयालबंद, संतोष किराना, सोनकर पारा बिलासपुर छ.ग. 495001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम साहिल बलवानी पिता रोशन लाल नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**साहिल बलवानी**
दयालबंद, संतोष किराना,
सोनकर पारा बिलासपुर
छ.ग. 495001

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 02/05/2025

प्रति,
1/ आवेदक दुर्गेश कुमार जयसवाल पिता धनीराम जायसवाल
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ शारदा दुबे, 3/ बीर सिंग एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/04/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 43/9 रकबा 1485 वर्गफुट के सीमांकन हेतु आवेदक दुगेश कुमार जायसवाल निवासी रूद्र विहार फेस-2 के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 21/05/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**समक्ष पब्लिक नोटरी कोरबा, तहसील एवं जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//शपथ पत्र //**

मैं जोगेन्द्र चौहान (Jogendra Chauhan) पिता श्रवण चौहान, निवासी वार्ड नं. 02, चौहान पारा, डोलीपारा बस्ती, तुलसी नगर कोरबा, तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. कि मैं उपरोकत वर्णित पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आ.नं. 2915 3676 6077 एवं पेनकार्ड नं. CAIPC8468C है।
2. मेरे पुत्र सुरेन्द्र चौहान (Surendra Chauhan) के शैक्षणिक दस्तावेज (अंकसूची में) मेरा नाम (JOGENDER CHAUHAN) दर्ज है, जबकि मेरे एवं मेरे पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड 7492 2889 2599 एवं पेनकार्ड (BGSPC8477Q) तथा उसके अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम जोगेन्द्र चौहान (Jogendra Chauhan) दर्ज है।
3. मेरे द्वारा अपने पुत्र के नाम पर संबंधित विभाग/ कार्यालय से विधिवत रूप से पासपोर्ट बनवाना है, जिसके लिए मेरे पुत्र के द्वारा समस्त नियम एवं शर्तों का पालन किया जावेगा।
4. जोगेन्द्र चौहान (Jogendra Chauhan) एवं (JOGENDER CHAUHAN) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है। इसमें किसी तरह के विवाद की स्थिति में इसकी समस्त जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
5. यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के आवश्यक दस्तावेजों में मेरे नामों में भिन्नता के संबंध में जानकारी के बतौर साक्ष्य एवं प्रमाणस्वरूप निष्पादित किया गया है, जिसे आवश्ययकतानुसार संबंधित कार्यालय/ विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**जोगेन्द्र चौहान**
(Jogendra Chauhan)
**वार्ड नं. 02, चौहान पारा, डोलीपारा बस्ती, तुलसी नगर कोरबा, तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANUJ RAM S/O RAMJI KASHYAP resident of H.NO- 111,GUDI PARA, KUKDA, JANJGIR - CHAMPA (C.G.) have changed my old name ANUJ RAM S/O RAMJI KASHYAP so in future I should be recognized by my new name that is ANUJRAM KASHYAP S/O RAMJI KASHYAP in all Government and other documents.

**ANUJRAM KASHYAP**
H.NO- 111,GUDI PARA,
KUKDA,JANJGIR - CHAMPA
(C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TILAK RAM KASHYAP S/O ANUJ RAM resident of H.NO- 111,GUDI PARA, KUKDA, JANJGIR - CHAMPA (C.G.) have changed my old name TILAK RAM KASHYAP S/O ANUJ RAM so in future I should be recognized by my new name that is TILAK KASHYAP S/O ANUJRAM KASHYAP in all Government and other documents.

**TILAK KASHYAP**
H.NO- 111,GUDI PARA,
KUKDA,JANJGIR - CHAMPA
(C.G.)

# देश

**उवाच**

तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे।

–उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4`.` | 29` |
| मुंबई | 33` | 29` |
| कोलकाता | 34` | 29` |
| चेन्नई | 33` | 3`.` |

# महिलाओं के आगे आने से सामाजिक व आर्थिक विकास संभव : जगदीप धनखड़

■ मेघालय के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने मंगलवार को यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश में विकास की प्रक्रिया पिछले एक दशक से चल रही है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने पिछले एक दशक में अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और महिला विकास, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में ऐसे मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिनसे दुनिया ईर्ष्या करती है।



किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है : जगदीप धनखड़

### हमारी आदिवासी संस्कृति शानदार

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति शानदार है। यह हमारी संपदा है। धनखड़ ने कहा कि 1990 के दशक में केंद्र सरकार ने 'लुक ईस्ट' नीति शुरू की थी। धनखड़ ने राज्य की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि किसी राज्य की अर्थव्यवस्था सकल राज्य घरेलू उत्पाद से निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि मेघालय में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की तथा केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर दूरदर्शी नेतृत्व को इसका श्रेय दिया।

मेघालय के समावेशी विकास के महत्व पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में पर्यटन, खनन, आईटी तथा सेवा क्षेत्र में अपार प्रतिभा और अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए मानव संसाधन विकसित किया जाना चाहिए। इसमें महिलाएं आगे आती हैं तो सामाजिक विकास और आर्थिक विकास संतुलित होता है। धनखड़ ने कहा कि 90 के दशक में, यानी लगभग तीन दशक पहले सरकार की नीति 'लुक ईस्ट' थी। मोदी ने इस नीति को 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' के रूप में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मेघालय में पर्यटन, खनन, आईटी और सेवाओं के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की।

इस विशेष अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी और एसएचजी प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य–जमीनी स्तर पर कार्यरत महिला समूहों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और प्रेरणाएं जानना था, ताकि नीतिगत निर्णयों में उन्हें सम्मिलित किया जा सके।

### संस्कृति, व संभावनाओं का संगम उत्तरपूर्व भारत : उपराष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर-पूर्व भारत को राष्ट्र का रत्न बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र केवल भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि संस्कृतिक रूप से भी अत्यंत समृद्ध है। उत्तर-पूर्व की जनजातीय संस्कृति अत्यंत भव्य है। यह हमारी विरासत है, हमारी संपदा है। हमें इसे संरक्षित ही नहीं, बल्कि गर्व के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मेघालय को प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर राज्य बताते हुए पर्यटन, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में इसकी बड़ी संभावनाओं की ओर संकेत किया। उपराष्ट्रपति ने राज्य की आर्थिक प्रगति की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मेघालय जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य ने 13 प्रतिशत वार्षिक सकल राज्य घरेलू उत्पाद वृद्धि दर हासिल की है जो अत्यंत सराहनीय है।

## त्रिपुरा में बारिश, तूफान से हजारों लोग बेघर

**अगरतला,** 13 मई (एजेंसियां)। त्रिपुरा में मानसून से पहले की बारिश, तूफान और तेज हवाओं ने पिछले दो दिनों में राज्य में कहर बरपाने से 1,000 से अधिक लोग बेघर हो गए और 1,835 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के आठ जिलों में से पश्चिमी त्रिपुरा जिला सबसे बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

भारी बारिश और आंधी–तूफान के कारण पश्चिम जिले के मोहनपुर में 51 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 614 घरों का भारी नुकसान पहुंचा और 1145 घरों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है। इस बीच जिला प्रशासन ने चार राहत शिविर भी खोले हैं तथा अखिलचेर्रा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में 153 परिवारों के 455 लोगों को, सांखला एसबी स्कूल में 68 परिवारों के 175 लोगों को, चंडीचेर्रा एसबी स्कूल में 49 परिवारों के 150 लोगों को तथा गायमनी इंग्लिश मीडियम जेबी स्कूल में 65 परिवारों के 211 लोगों को आश्रय दिया है।

आंधी–तूफान के कारण पश्चिम जिले के जिरानिया उपमंडल में चार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। सिपाहीजाला जिले में चार घरों के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट सामने आई है। इस बीच उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर उपमंडल में एक पेड़ के गिरने से मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया।

## किश्तवाड़ में बोतलों, डिब्बों में पेट्रोल, डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध

**जम्मू,** 13 मई (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में प्रशासन ने बोतलों और डिब्बों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। किश्तवाड़ के उपायुक्त (जिला मजिस्ट्रेट) राजेश कुमार शवन ने एक आदेश में कहा कि यह उनके संज्ञान में लाया गया है कि पेट्रोल पंप और ईंधन स्टेशन कथित तौर पर डिब्बों, बोतलों आदि में लोगों को पेट्रोल और डीजल बेच रहे हैं, जो आम जनता के जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। जबकि, ऐसी प्रथाएं न केवल अवैध हैं, बल्कि आग लगने और गंभीर खतरा भी पैदा करती हैं और पेट्रोल पंपों से डिब्बों, बोतलों या किसी अन्य खुले कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने की जरूरत है। उन्होंने एक आदेश में कहा कि बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के तहत मुझे दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं जिला किश्तवाड़ के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में डिब्बे, बोतलों या किसी अन्य कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता हूं। उन्होंने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या फिर पेट्रोल पम्प मालिक के साथ कानून के संबंधित प्रावधान के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और अगले आदेश तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, किश्तवाड़ को इस आदेश का अक्षरशः सख्ती से अनुपालन और प्रवर्तन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। चूंकि नोटिस सभी संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से नहीं दिया जा सकता है, इसलिए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।



■ आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतेगा प्रशासन

### श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बहाल

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौता होने और क्षेत्रीय तनाव में कमी आने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर छह दिनों बाद मंगलवार को उड़ान संचालन बहाल हो गया। हवाई अड्डे को बंद करने के नोटिस वापस लिए जाने के बाद उड़ान संचालन फिर से शुरू हुआ। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली से पहली उड़ान दोपहर 1.30 बजे श्रीनगर पहुंची। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि हम आगमन और प्रस्थान दोनों मिलाकर कुल आठ उड़ानों का संचालन कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### नौशेरा में नियंत्रण रेखा के पास मिले गोले को किया निष्क्रिय

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा तहसील में नियंत्रण रेखा के पास मिले बिना फटे गोले को सुरक्षाबलों ने सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमा पर प्रभावित इलाकों को साफ करते समय सुरक्षा बलों को सीमावर्ती गांव में बिना फटा गोला मिला जिसे मौके पर सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया।

### आंध्र में सड़क दुर्घटना में चार मजदूरों की मौत

**नरसारावपेट।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिला के शिवपुरम गांव में दो वाहनों की भिड़ंत से खेतों में काम करने वाले चार मजदूरों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई, जब सात मजदूर पपीते की फसल काटने के लिए जा रहे थे। तभी एक मिनी-बस और लॉरी की भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में पगडाला सुब्बम्मा, रमना रेड्डी, बोट्टू अंकम्मा और बोट्टू रमनजी की मौके पर मौत हो गई तथा मिनी-बस चालक कादिरी नागेश्वर राव, पगडाला शिवम्मा, कन्नेबोइना नागलक्ष्मी घायल हो गए। घायलों को विनुकोंडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महाराष्ट्र में दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित

**पुणे।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएचएसबीएसएचएसई) ने मंगलपवार को दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए। राज्य के सभी नौ क्षेत्रीय बोर्डों- पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नासिक, लातूर और कोंकण का परिणाम 94.1 प्रतिशत रहा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.71 प्रतिशत कम है। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत हालांकि लड़कों की तुलना में 3.83 प्रतिशत अधिक रहा। सभी संभागों में कोंकण संभाग सबसे अधिक 98.82 प्रतिशत परिणाम के साथ शीर्ष पर रहा जबकि नागपुर संभाग सबसे कम 9.78 प्रतिशत परिणाम के साथ सबसे नीचे रहा।

### केरल के मुलियाथोड से दो शक्तिशाली बम बरामद

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में पनुर के निकट मुलियाथोड में पुलिस ने मंगलवार को दो शक्तिशाली स्टील बम बरामद किए। पुलिस के अनुसार, स्टील बम एक नारियल के बागान से बरामद किए गए, जिन्हें प्लास्टिक की बाल्टी में नारियल के पेड़ के नीचे झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था और दोपहर में बम निरोधक दस्ते ने उन्हें निष्क्रिय कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नारियल तोड़ने के लिए बागान में गए मजदूरों ने सबसे पहले बम देखे और पुलिस को इसकी सूचना दी।

## नीतीश के कार्यक्रम में जीविका दीदी ने किया हंगामा

**पटना/ भागलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। भागलपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में आईं जीविका दीदी ने भारी हंगामा मचाया। महिलाओं और जीविका दीदियों को उम्मीद थी की सीएम उनसे संवाद करेंगे लेकिन मुख्यमंत्री बिना संवाद किए ही वहा से निकल गए। जिसके बाद जीविका दीदियों ने हंगामा शुरू कर दिया। दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को महिला संवाद यात्रा के तहत भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित मुखेरिया गांव पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं और जीविका दीदी मौजूद थीं। महिलाओं को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री मंच से संवाद करेंगे और उनकी बात सुनेंगे लेकिन मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे बिना ही सिर्फ एक–दो स्टाल का निरीक्षण कर वहां से रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय नारायण चौधरी भी मौजूद थे लेकिन मंच से संवाद न होने पर महिलाओं में नाराज़गी देखी गई। मौके पर मौजूद महिलाओं ने हाथों में लिए आवेदन पत्र हवा में लहराना शुरू कर दिया और अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। इस पूरी घटना ने स्थानीय प्रशासन और आयोजन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। महिलाओं का कहना है कि इतनी भीड़ के बावजूद मुख्यमंत्री ने जनता से संवाद नहीं किया जिससे वे निराश और दुखी हैं। महिलाओं को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री मंच से संवाद करेंगे और उनकी बात सुनेंगे लेकिन मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे बिना ही रवाना हो गए।

■ संवाद न करने पर जीविका दीदियों में दिखी नाराजगी

# ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने कुछ नया नहीं बताया : कांग्रेस

■ कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधान पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र को संबोधित करने पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं जारी हैं। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने मंगलवार को पीएम मोदी के संबोधन पर कहा कि उन्होंने कोई नई बात नहीं बताई। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ की गई भारत की सैन्य कार्रवाई की तारीफ की। सेनाओं को जो लक्ष्य दिया गया, वो पूरा हुआ। इस बात को सभी नहीं जानते हैं, लेकिन उन्होंने कुछ नया क्या कहा। उन्होंने अमेरिका की भूमिका पर कोई बात और चर्चा नहीं की। आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने वाले पीएम मोदी के बयान पर संदीप दीक्षित ने कहा, वह इसका मतलब समझाएं। पाकिस्तान से सिर्फ पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद के मुद्दे पर बात करने वाले बयान पर उन्होंने कहा, पीओके पर बात क्या करना है। वह सीधे पीओके की मांग करें। अभी तक कहा गया कि आतंकवाद और बातचीत साथ–साथ नहीं चल सकती, तो क्या इस बार हम अपनी नीति बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सरकार और सेना की आतंकवाद में संलिप्तता है। यह सभी को पता है।

पीएम मोदी ने अगर उसका उल्लेख किया है तो ठीक किया है। पूरी दुनिया को इसका मैसेज जाना चाहिए। पाकिस्तान भले ही फौज चला रही है, लेकिन सरकार भी तो उसका हिस्सा है। किसी सरकार ने आज तक यह नहीं कहा कि हम इस्तीफा दे रहे हैं, क्योंकि फौज आतंकी गतिविधियों को खत्म नहीं कर रही है। न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाले बयान पर संदीप दीक्षित ने कहा, इस पर हम टिप्पणी तब करेंगे, जब यह बात स्पष्ट होगी कि क्या न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की बात सामने आई थी। न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग बहुत गंभीर विषय है, यह किसी भी तरह से सामान्य नहीं है। अगर किसी ने न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की तो इसे बहुत ही ऊंचे स्तर तक ले जाना चाहिए। वह क्यों ऐसी बात कर रहे हैं, क्या इस तरह की कोई बात हुई थी? क्योंकि कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी ऐसी बात की थी। अगर ऐसा है, तो सरकार को इस पर देश के लोगों को विश्वास में लेना पड़ेगा।



मोदी ने अमेरिका की भूमिका पर कोई बात और चर्चा नहीं की : संदीप दीक्षित

### पाक को करारा जवाब देना जरूरी था : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना की। उन्होंने दोहराया कि पूरा देश, विपक्षी नेता और सभी राजनीतिक पार्टियां सरकार के साथ खड़ी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो स्पष्ट संदेश दिया है हम उसकी सराहना करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बात कही थी उसको भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खारिज किया है। हम सभी देशवासी, विपक्ष के नेता एवं सभी राजनीतिक पार्टी इस समय पर भारत सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी मानते हैं कि इस वक्त पाकिस्तान को करारा जवाब देना जरूरी था, चाहे वो ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से ही हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय यूनियन को याद दिलाना चाहूंगी कि वे सभी आंतकवाद के शिकार हुए हैं और सभी की जड़ पाकिस्तान है। हमारी सेना ने जो किया है, पूरी दुनिया को उसका धन्यवाद देना चाहिए।

## बिहार के सीवान के लाल की शहादत की खबर सुनते ही मच गया कोहराम

**पटना/सीवान,** 13 मई (देशबन्धु)। बिहार के सीवान जिले के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू कुमार सिंह सोमवार की देर शाम शहीद हो गए। रामबाबू कुमार सिंह भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 चलाते थे। बीते सोमवार को दिन करीब डेढ़ बजे पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में रामबाबू सिंह को गोली लग गई थी। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार की देर शाम उनके शहादत की खबर परिवार और गांव के लोगों को मिली। इसकी जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। शहीद जवान रामबाबू सिंह सीवान जिला के बड़हरिया प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के वसिलपुर गांव के निवासी थे। उनके पिता का नाम स्व. रामविचार सिंह है, जो बड़हरिया प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के पूर्व उप मुखिया रह चुके थे। वही उनके एक भाई अखलेश सिंह झारखंड हजारीबाग में लोगो पायलट के पद पर कार्यरत हैं जबकि उनकी पत्नी झारखंड के धनबाद में रहती हैं। शहीद रामबाबू सिंह के ससुर ने बताया कि उनकी जोधपुर में पोस्टिंग हो चुकी थी हालांकि भारत–पाकिस्तान के बीच तनातनी के दौरान उनका पोस्टिंग होने के बावजूद उन्हें जम्मू कश्मीर में ही रोक लिया गया। जहां सीजफायर उल्लंघन के दौरान गोली लगने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कल दिन में 10 बजे के करीब रामबाबू सिंह की उनकी पत्नी अंजलि से बातचीत हुई, उस समय वो ठीक थे। शहीद जवान रामबाबू सिंह की शादी करीब 4 महीने पूर्व ही हुई थी। शादी के 4 महीने के बाद ही वे शहादत को प्राप्त हुए।



■ चार महीने पहले हुई थी शादी

### दस अप्रैल को जम्मू कश्मीर में थे तैनात

शहीद जवान रामबाबू सिंह के ससुर सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि उनके दामाद भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 चलाने का काम करते थे। 10 अप्रैल को उन्होंने जम्मू कश्मीर में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की थी। सोमवार के दिन करीब डेढ़ बजे आर्मी हेडक्वार्टर से कॉल आया की गोली लगी हैं। उसके बाद सूचना मिली कि वह शहीद हो गए हैं। उनकी पत्नी अंजलि सिंह को अभी भी उनकी शहादत की जानकारी नहीं दी गई हैं।

## मप्र सरकार किसी सर्कस से कम नहीं : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 13 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की मोहन यादव सरकार पर हर मामले में फेल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह सरकार सर्कस है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मंगलवार को अपने आवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए राज्य की मोहन यादव सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।



उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पा रही है और न ही बीते डेढ़ साल में ऐसा लगा है कि यह सरकार किसानों की समस्याओं के निपटारे के लिए कोई प्रयास करना चाहती है। यही हाल लाडली बहना योजना का है। चुनाव के समय लाडली बहनाओं को 3,000 रुपए प्रतिमाह दिए जाने का वादा किया गया था, मगर 1250 रुपए के बाद राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई।

## झारखंड के रांची में छात्रों ने जेपीएससी कार्यालय घेरा

**रांची,** 13 मई (एजेंसियां)। रिजल्ट जारी करो या फांसी दो के नारे के साथ छात्रों ने मंगलवार को रांची में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का दफ्तर घेर लिया। प्रदर्शनकारी छात्र जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, सीडीपीओ, फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं कई अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का महीनों से पेंडिंग रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। छात्रों का एक समूह ओल्ड जेल चौक के पास स्थित आयोग के दफ्तर के समक्ष पिछले सात दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठा है। उनकी स्थिति बिगड़ती देख मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं और उनके परिजन प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे हैं। भूख हड़ताल पर बैठे झारखंड राज्य छात्र संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 10 माह पहले आयोजित हुई थी। आयोग की पूर्व अध्यक्ष ने अगस्त, 2024 में ही इसका रिजल्ट तैयार कर लिए जाने की बात कही थी, लेकिन आज तक अज्ञात कारणों से इसका प्रकाशन नहीं हुआ है।

परीक्षा में शामिल हुए छात्रों का भविष्य अधर में लटका है। मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल तक गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि रिजल्ट कब जारी होगा। ऐसे में अब हमारी मांग है कि आयोग अगर परीक्षाओं के रिजल्ट नहीं दे सकता तो हम छात्रों को फांसी दे दे।



■ छात्रों ने रिजल्ट जारी करो या फांसी दो के लगाए नारे

**कवायद** *ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक की गोलीबारी के बाद चेती सरकार*

# राजौरी व पुंछ के कस्बों में बंकरों के निर्माण की बनी योजना

**जम्मू,** 13 मई (देशबन्धु)। जम्मू शहर, राजौरी और पुंछ कस्बों को निशाना बनाकर पाक सेना द्वारा की गई भीषण गोलाबारी के बाद, जो पिछले कई वर्षों में अनसुनी घटना थी, सरकार दोनों सीमावर्ती कस्बों के अलावा कुछ अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में सामुदायिक बंकरों के निर्माण की योजना बना रही है ताकि भविष्य में दुश्मन द्वारा किसी भी तरह की बढ़ोतरी की स्थिति में लोगों को शरण लेने में मदद मिल सके। ऐसे कस्बों में जम्मू शहर को भी शामिल किए जाने की योजनाएं हैं जो इस बार पाक मिसाइलों के हमलों का शिकार बना। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने पहले क्षेत्र में एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर पर व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के बंकरों के निर्माण की सुविधा प्रदान की थी। कुछ लोगों ने अपने दम पर बंकरों का निर्माण भी किया है। हालांकि, राजौरी और पुंछ कस्बों में बंकरों का निर्माण नहीं किया गया था, क्योंकि पिछले कई वर्षों से भारी गोलाबारी और गोलीबारी की स्थिति में भी पाकिस्तानी सेना ने उन्हें निशाना नहीं बनाया था, जो कि अग्रिम क्षेत्रों तक ही सीमित हुआ करती थी। वैसे जम्मू शहर में भी कभी बंकर इसलिए नहीं बनाए गए थे क्योंकि इससे पहले हुई लड़ाइयों और लड़ाई के माहौल में कभी भी जम्मू शहर पर इस तरह की मिसाइलें नहीं गिरी थीं। जानकारी के लिए भारतीय सशस्त्र बल द्वारा पाकिस्तान में 'आपरेशन सिंदूर' के बाद 7 और 8 मई की मध्यरात्रि को पहली बार पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ शहर को सीधे निशाना बनाकर भारी गोलाबारी शुरू की, जिसमें 16 नागरिक मारे गए।



■ पहली बार पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ शहर को बनाया था सीधा निशाना

एक दिन बाद, पाक सैनिकों ने राजौरी शहर को निशाना बनाते हुए लंबी दूरी के मोर्टार गोले दागे, जिसमें एक जेकेएएस अधिकारी सहित तीन नागरिक मारे गए, जबकि पुंछ में एक अन्य नागरिक मारा गया। दोनों जिलों में पाक गोलाबारी में कुल 19 नागरिक मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, राजौरी और पुंछ शहरों में लोग अचंभित थे क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पाक सेना लंबी दूरी के मोर्टार गोले से शहरों पर हमला करेगी क्योंकि पिछले कई सालों में ऐसा नहीं किया गया था। अधिकांश लोगों के पास छिपने के लिए बंकर नहीं थे और इस तरह वे शिकार बन गए। जबकि 19 नागरिक मारे गए, 75 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के बकौल, अब सरकार राजौरी और पुंछ शहरों में सामुदायिक बंकरों के निर्माण की योजना बना रही है ताकि लोग सूत्रों ने कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी गोलाबारी की स्थिति में लोग वहां शरण लें। साथ ही, उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा मानदंडों के अनुसार राहत वितरित करने के लिए पाक की गोलाबारी में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन करने का निर्देश दिया है।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दो दिन में दो भाषण, फिर भी कुछ साफ नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित किया। वीर रस से सराबोर इस संबोधन में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर नए सवाल खड़े हो गए। इन सवालों को विपक्ष ने पूछना शुरु किया ही था कि मंगलवार को सुबह पहले नरेन्द्र मोदी अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंच गए और फिर दोपहर तक उनका एक और वीर रस में पगा हुआ भाषण सामने आ गया। शनिवार रात शाहबाज शरीफ ने भी इसी तरह का भाषण पाकिस्तान के लोगों को सुनाया था। इन भाषणों को सुनकर न जाने क्यों चाबी वाले खिलौनों का ख्याल आता है, जिसमें चाबी भर दो तो वह तब तक चलता रहता है, जब तक चाबी पूरी तरह से उल्टी न घूम जाए। चाबी भरने वाले हाथ दिखाई नहीं देते, केवल खिलौने चलते दिखते हैं।

खैर..मंगलवार सैनिकों के बीच पहुंचकर श्री मोदी ने अच्छा ही किया। जो लोग जान हथेली पर लेकर देश की रक्षा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाने के लिए जो किया जाए, सो कम है। आदमपुर एयरबेस से जो तस्वीरें सामने आईं, उनमें अनकहा संदेश भी पाकिस्तान के लिए था। इनमें मोदी के साथ पार्श्व में मिग-29 और एस-400 भी दिखाई दिए। जबकि पाकिस्तान का दावा था कि उसने आदमपुर में एस-400 वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। यहां सैनिकों को संबोधित करते हुए भी श्री मोदी ने पाकिस्तान को कहा कि निर्दोषों का खून बहाने का एक ही अंजाम है, महाविनाश। अभी सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है, फिर से दुस्साहस किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुछ ऐसी ही बात सोमवार के संबोधन में भी थी।

तब श्री मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत का सैन्य ऑपरेशन अभी सिर्फ़ स्थगित हुआ है. आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वो क्या रवैया अपनाता है। अब सवाल उठता है कि अगर अब भी वार-प्रतिवार की आशंका है, तो फिर युद्धविराम की बात कहां से आई, क्यों श्री मोदी इसका खुलकर खंडन नहीं कर रहे। क्या ये समय शाब्दिक जाल फैलाने का है कि सैन्य आपरेशन अभी स्थगित हुआ है। इसका क्या मतलब है, प्रधानमंत्री साफ-साफ बतलाएं कि अभी हम युद्ध में हैं या नहीं हैं। हम पाकिस्तान के अगले कदम या उसके दुस्साहस का इंतजार क्यों कर रहे हैं। क्या पहलगाम के बाद भी हमारे जो जवान शहीद हुए, बेकसूर नागरिक मारे गए, उनकी जान की कोई कीमत नहीं है। अगर पाकिस्तान की तरफ से भी युद्धविराम की घोषणा के बाद हमारे सीमांत इलाकों में ड्रोन मंडराते हुए देखे गए हैं, तो क्या इसे पाकिस्तान का दुस्साहस ही नहीं समझा जाना चाहिए। इस संकट की घड़ी में भी अगर प्रधानमंत्री साफगोई से सारी बातें नहीं करेंगे, तो फिर कब करेंगे।

जब नोटबंदी या लॉकडाउन का ऐलान किया गया था, तब भी कई गोल-मोल बातें और दावे सरकार ने किए थे। उन पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए लेकिन किसी का जवाब देना जरूरी नहीं समझा गया। चलिए वो देश के आंतरिक मामले थे और जनता ने कुछ अच्छा होने की उम्मीद में तब के कष्टों को सहन कर लिया। लेकिन इस बार तो आम जनता की सुरक्षा और देश की प्रतिष्ठा दोनों दांव पर लगी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के संदर्भ में मनमाने बयान दे रहे हैं। युद्ध विराम के ऐलान के बाद नए बयान में डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों ने अमेरिका के साथ व्यापार की वजह से ये संघर्ष विराम किया है। पाकिस्तान अपनी जाने कि उसने किस दबाव में संघर्ष विराम मंजूर किया, लेकिन भारत इसके लिए राजी क्यों हुआ, ये बात नरेन्द्र मोदी को अपने संबोधन में बतानी चाहिए थी। क्या ट्रंप अब भारत के आधिकारिक प्रवक्ता हो गए हैं कि वो जो बयान देंगे, दुनिया उसे भारत का बयान मानेगी, क्योंकि ट्रंप की किसी बात को अब तक श्री मोदी ने या उनकी सरकार ने खारिज नहीं किया है।

सोमवार के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने एक गंभीर बात कही कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल के तहत चलने वाले आतंकी ढांचे भारत के निशाने पर होंगे।' ध्यान रहे कि ब्लैकमेल एक गंभीर शब्द और बड़ा आरोप है, खासकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में। श्री मोदी क्या यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत को आणविक युद्ध की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई, ये कोशिश पाकिस्तान की तरफ से हुई या चीन या अमेरिका की तरफ से, देश को यह बताना चाहिए।

क्या एकदम से युद्धविराम के लिए सहमत होने के पीछे ब्लैकमेल जैसी कोई बात थी। अगर ऐसा है तो कम से कम विपक्ष को इस बारे में सूचित किया जाना था। जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जा सकती थी तो शनिवार से लेकर अब तक सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। सभी दलों को नहीं बुलाना तो कम से कम दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्षों के साथ प्रधानमंत्री को बैठक करनी चाहिए थी ताकि इस तथाकथित ब्लैकमेलिंग का जवाब दिया जाए।

पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम और राष्ट्र के नाम संबोधन तक के पूरे घटनाक्रम में कई सारे सवाल हैं जिन पर प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। सोमवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमला मेरे लिए व्यक्तिगत दर्द था। देश का मुखिया होने के नाते वे ऐसा कह सकते हैं लेकिन याद रखें कि पहलगाम के 26 पीड़ितों से लेकर उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमलों में मारे गए लोगों के परिवार असल में व्यक्तिगत दुख झेल रहे हैं। यह वक्त उनके दुखों को कम करने का है, राजनीति में अपने अंक बढ़ाने का नहीं।

# मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!

प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं गुजराती हूं, व्यापार मेरे खून में है।' फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने एक और मुहावरा उछाला- 'आपदा में अवसर!' मोदीजी द्वारा उछाले गए ये दो मुहावरे उनके द्वारा अब तक उछाले गए तमाम मुहावरों में सर्वाधिक अश्लील मुहावरे साबित हुए हैं। फिर भी नरेन्द्र मोदी के लिए तो मानो ये दोनों मुहावरे उनकी राजनीतिक सफलता के मूल मंत्र बन गए हैं। देश के समक्ष पैदा हुए हर अप्रिय से अप्रिय प्रसंग को उन्होंने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने में और अपने कारोबारी मित्रों को उसका फायदा दिलाने में कतई संकोच नहीं किया। चाहे वह पुलवामा में हुआ भीषण आतंकवादी हमला हो या लाखों लोगों को मौत की नींद सुला देने वाली कोरोना महामारी हो, या फिर उनके खुद की आहूत की गई नोटबंदी जैसी त्रासदी हो।

अभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी मोदी यही करते दिखे हैं और कोई वजह नहीं कि वे आगे भी ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने हमले में हुई 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या को आपदा में अवसर की तरह ही देखा। हमले के बाद शुरू दिन से लेकर आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तक और फिर अमेरिकी दबाव में अचानक युद्धविराम पर राजी होने और फिर राष्ट्र को संबोधित करने तक मोदी प्रधानमंत्री की तरह नहीं बल्कि एक पार्टी के नेता के तौर पर ही देश के समक्ष पेश आए।

पहलगाम हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव तक कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सरकार के हर फैसले मे उसके साथ खड़ा था। ऐसा लंबे समय बाद हो रहा था जब सरकार की किसी भी कार्रवाई पर, यहां तक कि सरकार की चूक पर भी किसी विपक्षी पार्टी ने कोई सवाल नहीं किया। सरकार के साथ विपक्ष की ऐसी एकजुटता उस समय भी कभी नहीं देखी गई जब भाजपा विपक्ष में थी। इसके बावजूद सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा का रवैया विपक्ष को लेकर जरा भी सद्भाव वाला नहीं रहा। खुद मोदी विपक्ष के सहयोगात्मक रवैये के प्रति गंभीरता और सकारात्मकता न दिखाते हुए उसके प्रति हिकारत और अहंकार भरा व्यवहार करते रहे।

पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाई गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी दोनों बैठकों में शामिल नहीं हुए। पहली बैठक हमले के बाद बुलाई गई थी लेकिन मोदी उस बैठक में शामिल न होते हुए बिहार में अपनी पार्टी की रैली को संबोधित करने चले गए। कहा गया कि वे बिहार की धरती से पाकिस्तान और आतंकवादियों को चेतावनी देंगे। सवाल है कि हमला कश्मीर में हुआ तो बिहार जाकर पाकिस्तान को चेतावनी देने का क्या मतलब था? बेहतर तो यह होता कि प्रधानमंत्री श्रीनगर जाते वहां से पाकिस्तान को चेतावनी देते। चूंकि बिहार में पांच महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी ने आपदा को अवसर बनाते हुए बिहार जाना उचित समझा। बिहार में रैली करने के बाद भी प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष या लोकसभा में नेता विपक्ष से मिलना और बात करना उचित नहीं समझा, जबकि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से जरूर मुलाकात की और अपनी पार्टी के नेताओं से भी लगातार मिलते रहे।


अनिल जैन

> आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी।

आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे। जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी, ठीक उसी समय प्रधानमंत्री एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उस चैनल की महिला एंकरों के साथ फोटो सेशन करने में व्यस्त थे। इतना सब होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री या सरकार से कोई सवाल नहीं किया जा रहा था। इस नाजुक मौके पर भी विपक्ष से संवाद करना मोदी अपनी शान के खिलाफ समझ रहे थे। प्रधानमंत्री का यह रवैया उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं को एक तरह का इशारा था, जिसके मुताबिक टीवी चैनलों की बहस में भाजपा के प्रवक्ता रोजाना विपक्षी नेताओं को गद्दार, देशद्रोही और पाकिस्तान व आतंकवादियों का हमदर्द बता रहे थे। यही काम सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भाजपा का ईको सिस्टम कर रहा था। यह ईको सिस्टम सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं, बल्कि देश भर के मुसलमानों को भी गद्दार बताते हुए उनके आर्थिक बहिष्कार की अपील कर रहा था। इस सबके बावजूद किसी को कोई संशय या संदेह नहीं रहे, इसके लिए टीवी के सरकारी चैनल डीडी न्यूज पर तो बाकायदा विपक्षी नेताओं के फोटो के साथ लिखा जा रहा था, 'भारत है तैयार लेकिन घर में कितने गद्दार'।

इतना सब होने के बाद कहीं से भी संदेह की गुंजाइश नहीं रह जाती कि प्रधानमंत्री इस आपदा को अपनी पार्टी के लिए एक बड़े राजनीतिक अवसर के तौर पर देख रहे थे। उनके सामने पांच महीने बाद बिहार और नौ महीने बाद पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री का इरादा संभवत: पाकिस्तान के खिलाफ़ सैन्य कार्रवाई के जरिये देश में उन्मादी और राष्ट्रवादी माहौल तैयार कर लोकसभा के मध्यावधि चुनाव कराने का था, ताकि पिछले चुनाव में 400 सीटें पाने की अधूरी रह गई हसरत को पूरा किया जा सके। यह दांव मोदी 2019 के चुनाव में आजमा चुके थे और कामयाब भी रहे थे।

पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का असल मकसद यही था, लेकिन पाकिस्तान को चीन की मदद ने इस भारत की सैन्य कार्रवाई को ज्यादा देर तक जारी नहीं रहने दिया। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना ने अपना काम बखूबी अंजाम देते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना की ओर से उकसावे की कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को भी भारी क्षति पहुंचाई। भारतीय सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान के मकसद को भांपने में भी कोई गलती नहीं की और अपनी कार्रवाई शुरू करने के साथ ही उसके प्रवश्वा ने आधिकारिक तौर पर कहा कि, 'पहलगाम हमले का मकसद देश में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था लेकिन देश के नागरिकों ने ऐसा नहीं होने दिया।'

बहरहाल. पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान चीन ने साइलेंट किलर की भूमिका निभाते हुए भारत के भी दो लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए। हालांकि भारत सरकार ने इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसने अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों ने इस बारे में विस्तार से छपी खबरों का खंडन भी नहीं किया है। संभवत: इसी घटना ने भारत को अपने कदम आगे बढ़ाने से रोकने पर मजबूर किया। हालांकि मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दावा किया है कि युद्धविराम पाकिस्तान की पहल पर हुआ है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नहीं, दो बार टीवी पर आकर यह दावा किया है कि युद्धविराम उनके कहने पर हुआ है। भारत सरकार ने ट्रम्प के इन दावों का किसी भी स्तर पर खंडन नहीं किया है।

जो भी हो, यह तो साफ हो गया है कि भारतीय सेना की जिस संयमित और सटीक कार्रवाई पर पूरा देश गर्व कर रहा था, उसे भारत सरकार ने अज्ञात शर्तों पर अचानक रोककर एक राष्ट्रीय गर्व के विषय को राष्ट्रीय शर्म में तब्दील कर दिया। प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संदेश में खुद की पीठ थपथपाने के अलावा कुछ भी नहीं था, जैसा कि वे अक्सर ही करते हैं। पहलगाम में हुई 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई में भारत को 21 लोगों की और बलि देना पड़ी है। प्रधानमंत्री का मध्यावधि चुनाव कराने का स्वप्न भले ही भंग हो गया हो, लेकिन कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी बंगाल और बिहार के चुनाव में 'फर्स्ट टाइम वोटर' से इन मारे गए 47 (26+21) लोगों के नाम पर वोट मांगें। आखिर पुलवामा में मारे गए 42 जवानों की शहादत पर भी तो उन्होंने ऐसे ही वोट मांगे थे।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# क्रिकेट, कोहली और बाजार

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था-ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं।


अरविन्द मोहन

> आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट।

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवत: बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा।

अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी 'देश की सेवा' अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। जब साल की कमाई सौ से लेकर दो हजार करोड़ रुपए की होने लगे तो कौन अपना कैरियर लंबा नहीं खींचना चाहेगा। धोनी, कोहली, रोहित और अश्विन ही नहीं काफी सारे विदेशी खिलाड़ी भी अपनी पसंद के अनुसार का फार्मेट छोड़कर दूसरे फार्मेट से सन्यास ले रहे हैं। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।

विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं।

कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं। उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहार/फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की श्रृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।

## आपके पत्र

### भारतीय समाज की विविधिता भी देश की ताकत

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए है। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते हैं बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है। वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है। क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दि तक भारत आक्रांत रहा है।

संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### एकालाप बनाम संवाद

*'मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जनता के साथ द्विपक्षीय संवाद तो निश्चित रूप से करना ही चाहिए। इसके आगे उन्हें यह देखने की आवश्यकता है कि प्रशासनतंत्र अपनी भूमिका का निर्वाह भलीभांति करता है या नहीं। हमारे देश में त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है। इसमें पंचायती राज संस्थाओं को भी अधिकार-सम्पन्न बनाने की बात कही गई है। इस पृष्ठभूमि में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि बड़े नेता यदि कोई घोषणा करते हैं या आश्वासन देते हैं तो उससे पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों का हनन न हो। इसी तरह सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को व्यापक नीतिगत निर्णय तो लेना चाहिए, लेकिन जहां तक संभव हो व्यक्तिगत समस्याओं में उलझने से बचना चाहिए। मैं एक उदाहरण से बात साफ करना चाहूंगा। जब कभी कोई दुर्घटना होती है सरकार हताहतों के लिए मुआवजा घोषित करती है, लेकिन दुर्घटना के पीछे कारण क्या थे इस ओर से आंखें मूंद लेती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नौकरशाही की दिलचस्पी मुख्यमंत्री को खुश करने में होती है न कि अपनी सामान्य जिम्मेदारी निर्वहन करने में। मैं समझता हूं कि इस पर आगे और बहस की आवश्यकता है।'*

**( देशबन्धु में 17 सितम्बर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### अंतर्मन में चलता देवासुर संग्राम

जीवन में अध्यात्मिक उत्कर्ष का अभीप्सु साधक किसी-न-किसी साधना पद्धति या धार्मिक कर्मकांड का सहारा लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ करता है और जीवन में स्थायी सुख-शांति के साथ कुछ विशेष चमत्कारभरी उपलब्धि की आश लगाए होता है।

लेकिन साधना के बढ़ते चरणों के साथ जब आंतरिक परिष्कार की प्रक्रिया गति पकड़ती है तो अंतर में जड़ जमाए, विकार असामान्य ढंग से उभरते थे, जिनके तुफानी उफान के बीच साधक विचलित हो उठता है और साथ ही बाह्य परिस्थितियाँ भी बद से बदतर होती प्रतीत होती हैं। ऐसे में आध्यात्मिक जीवन से जुड़े भाव कहीं हवा में तिरोहित होते दिखते हैं।

बाहर की परिस्थितियां तो किसी प्रकार सँभल भी जाएँ, लेकिन आंतरिक मन:स्थिति की विस्फोटक अवस्था को संभालना स्वयं में एक बड़ा कार्य बन जाता है। इस तरह एक साधक के जीवन में वास्तविक संधर्ष चित्त की गहराइयों में, अंत:करण के केंद्र में घटित हो रहा होता है।

बाहर से हम कितना ही सफल होने का दंभभर सकते हैं, बड़ी सफलता का अभिनय कर दुनिया की आँखों को चौंधिया सकते हैं, लेकिन अपने अंत:करण के निकटतम सत्य, प्रत्यक्ष दुर्दशा से नहीं बच सकते। अंतरात्मा हर दिन, प्रतिपल जीवन में चल रहे आंतरिक संघर्ष, युद्ध को साक्षीभाव से देख रही होती है। आखिर जन्म जन्मांतर के कर्मों का हिसाब-किताब, इसके जखीरे का परिशोधन साधक के अंतर्मन की गहराइयों में चल रहा होता है।

इन्हीं कारणों से व्यक्ति में देवत्व ईश्वरत्व को संभावनाओं के बावजूद पाशविक एवं आसूरी संभावनाएं भी विद्यमान रहती हैं। जब स्वार्थ अहं स्वयं या परिवार तक सीमित हो जाए तो पशुवत आचरण में जीवन का दायरा सिमटा रहता है। जब मन:स्थिति और गिर जाती है, विवेक बुद्धि विपर्यय दोष से ग्रस्त हो जाते हैं तो अवांछनीय कर्म बनते हैं तथा व्यक्ति को आसुर एवं पैशाचिक कृत्यों में संलिप्त देखा जा सकता है। नर पशु, नर पिशाथ जैसे संबोधन इन्हीं भाव दशाओं में इनसान के साथ जोड़े जाते हैं, जिनमें वह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा होता है और परिवेश को भी दुषित एवं आतंकित कर रहा होता है।

ऐसे में व्यक्ति मानव जीवन के महान उद्देश्य से भटक जाता है और दुर्गति को प्राप्त होता है। श्रीमदभगवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि ऐसे आसुरी संपदा वालों को मैं बार-बार असुर योनि में डालता हूँ। दु:ख, अशांति, क्लेश कलह ही उनकी नियति होती है और वे नारकीय जीवन के लिए विवश होते हैं, लेकिन यदि जीवात्मा चेते, तो यही गीता पापी से भी पापी जीवात्मा के लिए भी उद्धार की बात करती है, उसके कल्याण का आश्वासन देती है।

प्रश्न एक ही है कि हम किसके पक्ष में खड़े हैं। अंदर चल रहे देवासुर संग्राम में पशुता असुरता के पक्षधर समर्थक हैं या देवत्व के। आंतरिक महाभारत में हम पांडवों के पक्ष में है या कौरवों के। यदि देवत्व के पक्ष में है, तो फिर एक ही मार्ग शेष बचता है कि साहस के साथ जीवन का सामना करें।

**-अखंड ज्योति**

**उल्टा पुल्टा**

पंडित जी- शादी के बाद दो बच्चे से ज्यादा नहीं करना, समझे?
दुल्हा- आपका काम सिर्फ मंडप तक का है, बेडरूम में घुसने की कोशिश न करें।

# रेंजर करा रहा था लकड़ी की तस्करी,मोपका पुलिस चौकी ने पकड़ा

## खुला भेद, पिकअप, लकड़ी जप्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को मोपका पुलिस चौकी ने एक छोटा हाथी पकड़ा जिसमें अवैध तरीके से इमारती लकड़ी की तस्करी की जा रही थी। जब पूछताछ शुरू हुई तो इस तस्करी में वन विभाग के एक रेंजर का नाम सामने आया। फिलहाल पुलिस ने लकड़ी, वाहन और ड्राइवर को कागजी कार्रवाई के बाद वन विभाग को सौंप दिया है।

जिस विभाग के जिम्मे जंगल और वन्य प्राणियों की रक्षा की जिम्मेदारी है उसी विभाग के अधिकारी कर्मचारी लकड़ी तस्करी के धंधे में शामिल हो गए है। मंगलवार को मोपका चौकी क्षेत्र में पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की तो उसमें इमारती लकड़ी से बना दरवाजा, चौखट और शिलापट भरा था। वाहन चालक से लकड़ी के संबंध में पूछताछ करने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। जब थाने लेजाकर ड्राइवर से पूछताछ शुरू हुई तो पता चला कि लकड़ी बिलासपुर वनमंडल के अंतर्गत सोंठी जंगल से काटी गई है और रेंजर सूरज मिश्रा ने मंगाया है। उसे सोंठी से बिलासपुर छोड़ने के लिए केवल एक हजार रुपए भाड़ा मिलेगा।

जब पुलिस ने वाहन को रोका तब कुछ समय बाद वनपाल सूरज मिश्रा खुद मौके पर पहुंचे और एक फर्जी बिल दिखाकर लकड़ी को छुड़ाने की कोशिश की। इससे पहले कि वे वाहन को ले जा पाते, वन विभाग की उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने लकड़ी से भरा पिकअप जप्त कर उसे बिलासपुर वन विभाग कार्यालय ले आई। बताया जा रहा है वन विभाग के कई अधिकारी इस धंधे में लिप्त है। जंगल में लकड़ी कटवाते है और वहीं के स्थानीय बढ़ई से दरवाजा, चौखट, सोफा और अलमारी बनवाकर शहर में बिकवा रहे रहे है। विभागीय सूत्रों की माने तो वन विभाग के उच्च अधिकारी भी इस धंधे में संलिप्त हैं। जब मामला खुल जाता है तो फर्जी बिल दिखाकर छुड़ा लिया जाता है। क्योंकि विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता के कारण तत्काल बिल बना दिया जाता है। ताकि कोई कानूनी अड़चन न आए। इस मामले में भी रेंजर ने कहा कि बिल के साथ लकड़ी लाई गई है लेकिन उसने कोई बिल नहीं दिखाया। हालांकि विभागीय स्तर पर रेंजर को बचाने जल्द बिल बना दिया जाएगा।









ड्राइवर

### पूर्व में भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

यह कोई पहला मामला नहीं है।पूर्व में भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा लकड़ी काटकर फर्नीचर बनाने और उसे बेचने की घटनाएं सामने आई हैं।फर्जी बिलों और प्रशासनिक संरक्षण के चलते ये कार्यवाही बार-बार दबा दी जाती हैं।

### क्या होगी निष्पक्ष जांच या फिर लीपापोती?

मामले की जांच अब वन विभाग के पास है, लेकिन बड़ा सवाल यह हैक्या विभाग अपने ही दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करेगा या फिर एक बार फिर लीपापोती कर मामला ठंडे बस्ते में डाल देगा?

इस घटना ने वन विभाग की कार्यशैली और आंतरिक भ्रष्टाचार को एक बार फिर उजागर कर दिया है। अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो छत्तीसगढ़ के जंगलों का विनाश अब रुक पाना मुश्किल होगा।

## संपादकीय

### एयरपोर्ट निशुल्क पार्किंग टाइम बढ़े

*जब से रायपुर के स्वामी विवेकानन्द हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें अनेक तरह की सहूलियतें उपलब्ध कराई गई हैं और यह एयरपोर्ट यात्रियों के लिये पहले के मुकाबले काफी सुविधापूर्ण हो गया है। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसमें नित नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं इसलिये इसका देश भर के उन हवाईअड्डों में शुमार है जो यात्रियों को संतुष्टि प्रदान करने वाली सूची में अक्सर ऊंची रैंकिंग प्राप्त करता है। भारत सरकार, भारतीय विमान पत्तनन तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मिले-जुले प्रयासों का ही यह सुपरिणाम है।*

*रायपुर एयरपोर्ट के विकसित होने के बावजूद एक समस्या ऐसी भी है जिसका हल अब तक संतोषजनक ढंग से नहीं निकाला जा सका है- वह है मुफ्त पार्किंग की सुविधा का समय जो इतना कम रखा गया है कि यह उन लोगों के लिये हमेशा अपूरा पड़ता है जो किसी को छोड़ने या लेने जाते हैं। निशुल्क पार्किंग की समय सीमा केवल 6 मिनट रखी गयी है। यदि किसी को छोड़ने जाना हो तो पहले प्रवेश पर बने बूथ से उसे इलेक्ट्रॉनिक पर्ची मिलती है। कितनी भी जल्दी की जाये तो भी यात्री को उतारने, उसका सामान आदि उतारने में अक्सर 3-4 मिनट लग ही जाते हैं। फिर आगे बढ़ने पर निकास बूथ पर उसे इंतज़ार करना पड़ता है क्योंकि वहां जाने वाले वाहनों की भीड़ रहती है। वहां तक पहुंचने और पर्ची दिखाने में और दो-तीन मिनट हो जाते हैं। इसके कारण वाहन वाले को शुल्क चुकाना देय हो जाता है।*

*इस मुद्दे को लेकर अक्सर वहां विवाद की स्थिति हो जाती है। वाहन चालक कितना भी कहे कि वह तो निर्धारित वक्त पर पहुंच गया था पर आगे लगी गाड़ियों के चलते उसे विलम्ब हुआ है, यानी 6 मिनट निकल गये, तो भी शुल्क वसूली करने वाला स्टाफ उसे नहीं मानता। यदि कोई वाहन चालक-मालिक विवाद करता है तो पीछे लगी वाहनों के लोग बेचैन हो जाते हैं और वे लगातार हॉर्न बजाते हैं क्योंकि उनका भी निर्धारित समय बीतता रहता है। कई बार गाली-गलौज, हाथा-पाई तथा मार-पीट भी इस कारण से होती है।*

*किसी फ्लाइट के उतरने पर यात्रियों की भीड़ और भी बढ़ जाती है। यह समय इतना कम होता है कि यदि एयरपोर्ट पूरा खाली हो तभी इतने कम समय में ड्रॉप या पिक कर निकला जा सकता है। कई संगठन वर्षों से इस समयावधि को बढ़ाने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन इस मांग को पूरी तरह से अनसुना कर दिया जाता है। यह आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ऐसा किया गया है। अब रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हवाई अड्डा अधिकारियों को एक पत्र लिखकर यह समय 1 मिनट करने को कहा है। उम्मीद है कि इसे बढ़ाया जायेगा ताकि लोगों को सहूलियत हो।*

## सार-संक्षेप

### चिन्मय झा ने सीबीएसई 12 वीं में अर्जित किया 94.5 प्रतिशत

#### दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से प्राप्त किया सफलता



**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली स्थित मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड के छात्र चिन्मय झा ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 94.5त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने पिता प्रवीण झा और माता कल्पना झा सहित पूरे बिलासपुर अंचल को गौरवान्वित किया है। चिन्मय की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है, बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य ने चिन्मय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का प्रतीक है। चिन्मय की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।चिन्मय झा की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के सहयोग का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि भविष्य में और भी ऊँचाइयों को छूने की प्रेरणा देती है। चिन्मय की यह सफलता बिलासपुर के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जो कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें शुभकामनाएँ प्राप्त हो रही हैं।

### अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोग अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते है। इसके लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये है।

आवेदन करने के लिए आवेदक को जिले का निवासी, अनसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग, आयु 18 से 50 के मध्य, आवेदक के परिवार की वार्षिक आमदनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ आय, जाति, निवास, आधार, राशन कार्ड, पूर्व में किसी शासकीय योजना में ऋण अनुदान प्राप्त न किया हो तथा ऋण बकाया न होने संबंधी शपथ पत्र, पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ्स प्रस्तुत करने होंगे। इच्छुक आवेदक पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 17 के जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति एवं संबंधित जनपद पंचायत से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। आवेदन की फोटोकॉपी, आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किये जाएंगे। यह योजना बैंक प्रवर्तित योजना है। योजनान्तर्गत संबंधित का ऋण प्रकरण संबंधित सेवा क्षेत्र की बैंक शाखा को प्रेषित किये जाएंगे।

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन 30 तक

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला (छात्रावास ड्यूटी) एवं 500 पुरूष (जनरल ड्यूटी) नगर सैनिकों के पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा में शामिल होने पात्र अभ्यर्थियों को 30 मई 2025 के शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाईन आवेदन सबमिट करना होगा। लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को राज्य के जिलों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में होगी।

# घटिया निराकरण पर बिजली विभाग को शो कॉज नोटिस

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की फ्लेगशीप योजनाओं की समीक्षा

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनओं और लंबित मामलों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बिल्हा में बिजली विभाग को मिले आवेदन का घटिया तरीके से निराकरण पर जिम्मेदार अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने 5 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बनाये जाने पर नाराजगी जाहिर की और 30 जून तक शतप्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्ड बनाने में सामाजिक संगठनों का सहयोग लेने को भी कहा है। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के युक्ति युक्तकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी स्कूल अथवा शिक्षक इसके दायरे से छूटना नहीं चाहिए। इससे शिक्षक विहीन अथवा एक शिक्षकीय स्कूलों की समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में शुरूआती दिक्कतें आ सकती हैं। ये दिक्कतें सभी जिलों में होती हैं। बावजूद इसके कुछ जिले अच्छा प्रदर्शन करते पाये गये हैं। उनके तौर-तरीके और अनुभव का लाभ लेकर हमें भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। विशेषकर आयुष्मान कार्ड के सिलसिले में उन्होंने ये बातें कही। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिना अनुमति के कोई भी मुख्यालय से बाहर नहीं जायेगा। सभी सिविल सेवा आचरण नियमों का पालन करें। समय पर कार्यालय पहुंचे। शासकीय कार्य में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को सोमवार और मंगलवार को मुख्यालय में ही रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग विभिन्न कामों को लेकर अफसरों से मुलाकात करने आते हैं, उनसे भेंट कर समस्या का निराकरण किया जाये। भू-अर्जन हो जाने के बाद उस जमीन का नामांतरण संबंधित विभाग के नाम पर हो जाने चाहिए। अन्यथा बाद में विवाद पैदा होता है। कलेक्टर ने कहा कि अगले महीने से स्कूल खुलने वाले हैं। इसलिए जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र शिविर लगाकर दिए जाएं। हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायायल से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखने और इनके त्वरित निराकरण एवं पालन प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।





# अनुपयोगी कंडम सामग्री की नीलामी 26 को

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि विभाग के अंतर्गत जिले के शासकीय निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्रियों की नीलामी की कार्यवाही 26 मई को सवेरे 11 बजे कुदुदण्ड स्थित होमगार्ड कैम्प परिसर में की जाएगी। निष्प्रयोजित घोषित कंडम समानों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे पेन्ट, शर्ट, टोपी, जूता, कम्बल, दरी, बेल्ट, मोनो, बेल्ट, वेब, मच्छरदानी, बरसाती, किट बाक्स, ग्रेट कोट, जर्सी खाखी, अंगोला शर्ट, वॉटर-बाटल, पलंग नेवाड़, प्लास्टिक चेयर, फायर होज रील पाईप एवं अन्य अनुपयोगी कंडम सामग्री भी शामिल है। सम्पूर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जाएगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री देख सकते हैं।

प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने से पहले 1 हजार रूपए की नगद प्रतिभूति राशि जमा करना होगा, जिन खरीददारों की बोली स्वीकार नहीं होगी, उन्हें जमा की गई प्रतिभूति राशि वापर कर दी जावेगी। खरीददार की उच्चतम बोली परिवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर संपूर्ण राशि जमा कर उसी दिन संपूर्ण सामग्री को उठाना होगा। बोली लाट में जहां है, जितना है, के आधार पर स्वीकार होगी। नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।



# उत्कृष्ट मानवीय सेवा कार्य के लिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को किया गया पुरस्कृत

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपायों और रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही यात्रियों की हर संभव सहायता तथा मानवीय कार्यों में भी उत्कृष्ट भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

इसी संदर्भ में विगत दिनों सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स द्वारा स्टेशन परिसर में घायल छात्रा को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुये बिना देरी किए अस्पताल पहुंचाना, मानसिक तनाव अथवा पारिवारिक समस्याओं से पीड़ित होकर घर छोड़ स्टेशन आए महिलाओं को भरोसा और संबल प्रदान करते हुये उन्हे सुरक्षित रूप से उनके परिजनों तक घर भेजने की समुचित व्यवस्था करने, ट्रेनों में यात्रा के दौरान जरूरतमंदों को मेडिकल इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध कराने जैसी अनेक मानवीय सेवा का कार्य किया गया। सिविल डिफेन्स की इस त्वरित और समर्पित मानवीय कार्य के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार के लिए वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा अनुशंसा की गई। आज वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह की उपस्थिति में वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा द्वारा सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रशस्ति-पत्र व नगद समूह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान इनके मानवता भरे सेवा कार्य की सराहना भी की गई।

# आबकारी विभाग का कई स्थानों में छापा देशी शराब और बड़ी मात्रा में लहान जब्त

## छह आरोपी गिरफ्तार ,सभी जेल भेजे गए

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। कोटा,मस्तुरी और तखतपुर के 7 स्थानों में -आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार कर अवैध शराब बेचने वाले 6 विक्रेताओं गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक सौ लीटर से भी ज्यादा देशी शराब और बड़ी मात्रा में लहान भी बरामद किया गया है। आबकारी विभाग की टीम कलेक्टर के निर्देशों की प्रतिक्षा करती रहती है तभी तो टीम ने कलेक्टर के सख्त निर्देश पर व्यापक स्तर की कार्रवाई में आरोपियों से करीब 105 लीटर से अधिक मात्रा में देशी शराब जब्त किया है। इसके अलावा अलग अलग आरोपियों से कुल करीब 34 किलोग्राम लहान भी बरामद किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों को आबकारी की अलग अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के बाद सभी को जेल भी दाखिल करा दिया है।

कलेक्टर और छत्तीसगढ़ शासन के सख्त निर्देश पर आबकारी टीम ने कोटा, मस्तूरी और तखतपुर के विभिन्न ग्रामों में छापामार कार्रवाई करके अवैध शराब की जब्ती की है। प्रभारी सहायक उपायुक्त नवनीत तिवारी के आदेश पर टीम ने ग्राम जलसों,कोनी, चंगोरी, कोटा बेलपान,पचपेड़ी, जरौंधा,जरेली तखतपुर के धूमा में अवैध शराब विक्रेताओं के ठिकानों पर धावा बोला।

सहायक आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर ने जानकारी दिया कि टीम ने कुल सात ठिकानों पर धावा बोला है। कार्रवाई के दौरान अलग अलग ठिकानों से करीब 105 लीटर देशी मदिरा समेत करीब 34 किलोग्राम लहान छिपाकर रखे गए ठिकानों से बरामद किया गया। इस दौरान कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



आबकारी टीम ने कोटा थाना स्थित ग्राम चंगोरी थाना निवासी सम्पतिया बाई के ठिकाने से 20 लीटर महुआ शराब और छिपाकर रखे गए 61 किलोग्राम से अधिक लहान बरामद हुआ है। इसी तरह कोनी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जलसो निवासी अजय वर्मा के ठिकाने से 10 लीटर महुआ शराब और 120 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया है। कल्पना राठौर ने बताया कि पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के बेलपान गांव नवासी हिरालाल के ठिकाने पर भी आबकारी टीम ने दबिश दी है। इस दौरान 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।इसके अलावा थाना तखतपुर के ग्राम जरौंधा में आबकारी टीम ने विनोद साहू के ठिकाने से करीब आठ लीटर देशी शराब जब्त किया है। ग्राम जलसो थाना रतनपुर से 35 लीटर महुआ शराब और करीब 700 किलोग्राम लहान जब्त किया गया है। ग्राम डिण्डोल धुमा थाना कोटा में आबकारी टीम को 20 लीटर महुआ शराब और 2500 किलोग्राम लहान जब्त करने में आबकारी टीम को सफलता मिली है। पुलिस ने जरेली निवासी रमेश पाण्डेय के खिलाफ कार्रवाई कर अजमानतीय प्रकरण दर्ज किया है।

सम्पूर्ण कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर आबकारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शुक्ला , रमेश दुबे नेतराम बंजारे समेत मुख्य आरक्षक जनक राम जगत सुभास तिवारी जयशंकर कमलेश राजेश यादव एवं ड्राईवर जितेन्द्र शर्मा की शानदार और उत्साहित करने वाली भूमिका रही।

# हादसे में 2 युवक मृत : 1 गंभीर, नाराज लोगों ने लगाया जाम

## ओव्हरस्पीडिंग के कारण हुआ हादसा, किया दावा



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। बालको थाना क्षेत्र के लाल घाट में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें रेत से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार जारी है लेकिन उसके जीवन पर संकट बना हुआ है।

हादसा उस समय हुआ, जब तीनों युवक लाल घाट के पास बाइक से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सवारों को संभलने का कोई मौका नहीं मिला। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बालको थाना पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, और पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित भीड़ ने सड़क जाम करने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर सड़क पर आवागमन बहाल किया। स्थानीय लोगों ने रेत के अवैध परिवहन और ट्रकों की तेज रफ्तार पर सवाल उठाए।

उनका आरोप है कि रेत तस्करी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

जिला प्रशासन और पुलिस ने कोरबा के नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़कों पर सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही, यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और अवैध रेत परिवहन जैसे मुद्दों को उजागर किया है।

# 30 दिन के बाद कोई प्रकरण नहीं होना चाहिए लंबित

## विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक में बोले जिलाधीश



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कहा है कि कार्य संपादन की गति तेज करें और गुणवत्ता भी लाएं। प्रयास यह हो कि 30 दिन के बाद कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कामकाज की प्रगति जानने के साथ कलेक्टर अजीत वसंत ने यह निर्देश दिए।

उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्राप्त पेंशन,वन अधिकार और राशनकार्ड के आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा। सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण निश्चित समय अवधि में किया जाए। समाधान शिविर से पूर्व सम्बंधित ग्राम पंचायतों के आवेदकों के आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। कहा गया कि लोक सेवा केंद्र अंतर्गत प्राप्त जाति, निवास,आमदनी सहित अन्य प्रमाणपत्रों के आवेदनों को समय-सीमा में जारी किया जाए। एसडीएम और तहसीलदारों को जिम्मेदारी दी गई है कि विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र शीघ्र बनाने की व्यवस्था करें। उन्होंने पूछा कि विभागीय जाँच के प्रकरणों में क्या हुआ। डीईओ को कहा गया कि स्कूलों और शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण की कार्यवाही को पारदर्शिता के साथ करें। कलेक्टर ने विवादित और मसाहती वाले प्रकरणों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के नक्शा बटांकन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

## सार-संक्षेप

### वज्रपात में 2 की मौत, 3 झुलसे



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं इस घटना में 3 अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा सभी बकरा भात कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, लौटते वक्त यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली मेढ़ में गिरी।

बांगो थाना क्षेत्र के कोसगई ग्राम की घटना है। कार्यक्रम खत्म होने के बाद अचानक तेज आंधी-तूफान और बारिश शुरू हो गई। तूफान और बिजली चमकने के दौरान सभी लोग गाड़ियों की तरफ भाग रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां तीन लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी फूल सिंह यादव के मुताबिक, सोनगुड़ा के यादव परिवार ने कोसगाई ग्राम में बकरा भात कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान 50-60 लोग शामिल होने पहुंचे थे। घटना के समय 6 लोग थे। मृतकों की पहचान शिव कुमार 27 वर्ष और नंद लाल यादव 35 वर्ष के रूप में हुई है। शिव कुमार कोरिया घाट अजगरबहार का निवासी था, जबकि नंद लाल सोनगुड़ा में रहता था।

### 9 लाख के जेवर लेकर बहू फरार, चौकी में शिकायत

#### दूसरे पक्ष ने कहा- लड़की को कुछ हुआ तो ठीक नहीं!



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। कोरबा जिले के दादर खुर्द गांव में एक नई दुल्हन ने अपने ससुराल वालों को धोखा दे दिया। बहू खुशबू कश्यप अपनी सास के करीब 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गई।

खुशबू की शादी चांदराम के इकलौते बेटे मोहनीश कश्यप से हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद वह मायके चली गई। वहां से उसने पति के परिवार पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया। मामला परिवार परामर्श केंद्र तक पहुंचा, जहां समझौता हुआ। चांदराम कश्यप ने मानिकपुर चौकी में बहू की शिकायत दर्ज कराई है। समझौते के बाद खुशबू ससुराल लौट आई। वापस आने के बाद एक दिन जब परिवार के सदस्य खेत में काम करने गए, तब वह घर से जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई। चांदराम और उनका बेटा बहू की तलाश में उसके मायके हरदी बाजार मूढाली गए। वहां खुशबू के पिता ने बताया कि वह घर पर नहीं है। उल्टा उन्होंने चांदराम को धमकी दी कि अगर उनकी बेटी को कुछ हुआ तो वे नहीं छोड़ेंगे। चांदराम ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महापौर ने किया महिलाओं का सम्मान



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। मातृ दिवस पर नागरिक जन सेवा समिति द्वारा सर्वमंगला मंदिर स्थित वृद्धाश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ शक्ति व वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के प्रति सम्मान, अपनापन और कृतज्ञता व्यक्त करना था। महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक खेलों, नृत्य, गीत तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने मातृ दिवस के बारे में जानकारी देते हुए वृद्धाश्रम में कमी को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। महापौर ने महिलाओं का सम्मान करते हुए प्रशस्ति पत्र, आकर्षक उपहार प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती सना आरबी, श्रीमती अधिवक्ता मधु पाण्डेय, श्रीमती चित्रलेखा चंदेल, श्रीमती डॉ. अन्नपूर्णा बोर्डे, श्रीमती भारती अरोड़ा, बौद्ध समाज की अध्यक्ष व समाजसेवी श्रीमती लता बौद्ध, समाजसेवी व शिक्षिका श्रीमती गायत्री साहू, समाजसेवी व स्वास्थ्य विभाग कर्मी श्रीमती शबाना अंजुम, समाजसेवी व शिक्षिका श्रीमती नीलिमा पटेल, समाजसेवी श्रीमती हेमा केशरवानी, संजीत सिन्हा, पारस जैन, शेख मंसूर, बीरु यादव सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सना आरबी ने किया।

# महिला का शव मिला, साड़ी में खून के निशान से हत्या का शक



कोरबा-पसान, 13 मई (देशबन्धु)। पसान थाना क्षेत्र के ग्राम बैरा भोड़ा द्वारी मोहल्ले में 50 वर्षीय पकली बाई पति दुहन सिंह की घर में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना के बाद सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतिका के साड़ी और पेटीकोट में मिले खून के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

बैरा भोड़ाद्वारी मोहल्ले में महिला का शव घर के अंदर होने कि सूचना के बाद सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरीया, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटना स्थल पहुंचे।

घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किए। मृतका पकली बाई पति दुहन सिंह सरुता 50 वर्ष के शरीर पर ठूड्डी, कोहनी, दोनों पैर के घुटनों पर चोट के निशान एवं साड़ी एवं पेटीकोट पर खून के धब्बे पाए गए।

प्रथम दृष्टीया महिला का हत्या किया जाना प्रतीत होता है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल परीक्षण हेतु भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया। फिलहाल पसान पुलिस ने बीएनएसएस की धारा के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। कहा जा रहा है कि पोस्टमार्टम और फॉरेन्सिक रिपोर्ट से असली कारणों का पता चल सकेगा।

# कोरबी में समाधान शिविर, 2320 आवेदन निराकृत



कोरबा-कोरबी,चोटिया, 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम कोरबी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबी, सरमा, तनेरा, पुटीपखना, हरदेवा, पाली, बुढ़ापारा, कुल्हारिया, खम्हारमुड़ा, झिनपुरी एवं मिसिया ग्राम पंचायतें शामिल रहीं। इस शिविर में कुल 4126 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2320 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर मौके पर निराकरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने सौर ऊर्जा विभाग को कोरबी चौकी में सोलर लाइट लगवाने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने तेंदूपत्ता संग्रहण कर रहे श्रमिकों को हाथियों से सावधानी बरतने की अपील भी की। शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, जनपद पंचायत द्वारा 6 हितग्राहियों को राशन कार्ड व 5 को जॉब कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 1 हितग्राही को मोटर पंप का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती माधुरी देवी सिंह तंवर, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड, जिला पंचायत सदस्य विद्वान सिंह मरकाम, जनपद सदस्य श्रीमती कुंती कोराम, वेद प्रताप कोराम, श्रीमती ममता पुहुप, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पोड़ी उपरोड़ा तुलाराम भारद्वाज, सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा व पसान, प्रताप मरावी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी तरह विकासखंड पाली के ग्राम माखनपुर में आयोजित शिविर में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# रिहायशी क्षेत्र में अपशिष्ट की दुर्गंध से मुश्किल में जिंदगी

## आखिर कौन हल करेगा इस समस्या को!

कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। जिंदा रहने के लिए जरूरी है कि सांस ली जाए लेकिन औद्योगिक नगर कोरबा का एक इलाका ऐसा भी है जहां लोगों को रहने और आना-जाना करने के दौरान अपनी नाक और मुंह को बंद करना पड़ रहा है। मुर्गी मुर्गियां से लेकर बकरों के कटे-फटे हिस्से और पंख देखने के कारण यहां पर समस्या बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी ना तो नगर निगम ध्यान दे रहा है और ना प्रशासन।

नगर पालिका निगम कोरबा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 नेहरू नगर में आता है या हिस्सा। एसईसीएल कार्यालय से ट्रांसपोर्ट नगर चौक र अंबेडकर भवन से कैरियर पब्लिक स्कूल की तरफ जाने वाले रास्ते पर जो तस्वीर बनी हुई है उसकी वजह से लोग परेशान है। कहानी कुत्ते गंदगी पर नजर बनाए हुए हैं तो कहीं पक्षी अपशिष्ट को इधर-उधर करने में लगे हैं। नीरजा राव ने



बताया कि गंदगी का स्तर बहुत ज्यादा है और ऐसा लगता है कि कहीं इस इलाके में मरे हुए जानवर फेंक दिए गए हैं। नाक और मुंह ढके बिना काम नहीं चल सकता। करियर पब्लिक स्कूल के पास रहने वाली अर्चना मिश्रा ने बताया कि उनका परिवार बेमन से यहां रह रहा है। हर समय दुर्गंध से सामना करना पड़ता है। शैलेंद्र यादव की शिकायत भी कुछ ऐसी ही है उन्होंने बताया कि काफी समय से समस्या कायम है। इस तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। इस इलाके में रहने वाले और भी लोगों से बातचीत हुई तो उन्होंने इस परेशानी को लेकर दुखड़ा सुनाया।

# सीईओ सोढ़ी ने ली बैठक, अपेक्षा की कसौटी पर खरा उतरने पर जोर



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित की कोरबा शाखा परिसर में मंगलवार को एक विशेष बैठक रखी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुशील सोढ़ी ने यहां पर किसानों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधा और बैंक के प्रदर्शन को लेकर संवाद किया। बैंक के शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की गई कि वह नीतिगत रूप से अच्छा कार्य संपादन कर परिणाम देंगे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित नोडल अधिकारी सुशील जोशी की उपस्थिति इस बैठक में खास तौर पर रही। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार मंगलवार को आयोजित की गई इस बैठक में जिले कि छः ऋण शाखाओं के शाखा प्रबंधको,पर्यवेक्षको की उपरोक्तानुसार विषयो पर समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा बैठक के अंतर्गत परस्पर संवाद करते हुए कार्य प्रदर्शन और पूर्णता हेतु कड़ाई से परिपालन सुनिश्चितता हेतु निर्देश दिए गये। बैठक में खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लिए खाद, बीज भंडारण/वितरण, ऋणवितरण, धान उपार्जन लेखा मिलान, एटीएम कार्ड वितरण,माइक्रो एटीएम ट्राजंक्शन,समिति पुनर्गठन को लेकर भी मंत्रणा की गई। पैक्स कंप्यूटराइजेशन, प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, फसलचक्र परिवर्तन, सुशासन तिहार, परमिट, साप्ताहिक समायोजन को लेकर भी अधिकारी ने जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित से सरकार और हितग्राहियों की काफी अपेक्षाएं हैं और इसकी पूर्ति करने में हमें पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ काम करना होगा।

## गौ-वंश से क्रूरता, लोग भड़के तो मानिकपुर से दबोचा युवक को

कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। एमपी नगर में एक युवक ने गाय के साथ अनैतिक कृत्य किया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठनों ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की और सिविल लाइन थाना पहुंचकर नाराजगी जताई।

आरोपी को मानिकपुर क्षेत्र में एक आउटसोर्सिंग कंपनी की साइट से गिरफ्तार किया गया। मामला सामने आते ही लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। मानिकपुर खदान में छिपे आरोपी को बाहर निकालने हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने एक मालगाड़ी को भी कुछ देर के लिए रोक दिया।

इसके बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को कार्रवाई को लेकर संतुष्ट किया तब जाकर लोग शांत हुए। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी एसईसीएल मानिकपुर खदान में निजी कंपनी काम करता है। पिछले कुछ दिनों से किराए के मकान पर रहता है। लोगों की नजर उसे पर पहले से थी, लेकिन इस बार उसकी करतूत सामने आ गई और उसे पकड़ लिया गया।

कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उससे अनैतिक कृत्य के बारे में और भी पूछताछ की जा रही है।

## नितेश और काव्या ने पाई सफलता



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आज 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में डीएव्ही एसईसीएल कोरबा के क्षेत्र नितेश मिश्रा ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर बेहतर प्रदर्शन किया है। वे अमरैयापारा निवासी सरला राजेश मिश्रा के पुत्र हैं। वहीं निर्मला हाई सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम की छात्रा काव्या शुक्ला ने बायोलॉजी ग्रुप में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। इनकी सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## लेखक संघ ने रोहरा को श्रद्धांजलि दी



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक स्व. सुरेश रोहरा की स्मृति में रविवार को अधिवक्ता श्यामल मालिक के पुराना बस स्टैंड स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोरबा के साहित्य, पत्रकारिता और समाजसेवा जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे और स्व. रोहरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा में वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों ने सुरेश रोहरा को एक जुझारू और दृढ़ संकल्पी व्यक्तित्व का धनी बताया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. रोहरा किसी भी विषय पर बेझिझक और प्रभावी ढंग से लेखन करते थे। कवि और साहित्यकार मोहम्मद यूनुस ने उन्हें निष्पक्ष और गांधीवादी विचारधारा का समर्थक बताया।

## 96 प्रतिशत छात्र सफल रहे एनईपीएस के



कोरबा, 13 मई (देशबन्धु)। न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का दसवीं एवं बारहवीं का परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। 10वीं में कुल 174 एवं 12वीं में 131 छात्र शामिल हुए। 12वीं परीक्षा का परिणाम 96 प्रतिशत रहा वहीं 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं से 13 छात्रों एवं 10वीं से 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं के संस्कृत विषय में कुल 28 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं में स्कंधा रावटे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर षाला में टॉप किया वहीं 10वीं में साक्षी बंसल, दिव्यांष तिवारी एवं रोज फ्रांसिस ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शाला के चेयरमेन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप कुमार साहू, प्राचार्य डी.एस. राव एवं प्रधानपाठक जगजीत सिंह भट्टी ने छात्रों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण ही असल सुशासन तिहार - कलेक्टर

#### राजस्व और खाद्य विभाग को समय सीमा में लंबित आवेदनों पर जल्द कार्रवाई के निर्देश



**कोरिया,** 13 मई (देशबन्धु)। संयुक्त कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों को निराकृत करने के लिए सुशासन तिहार, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल, जनदर्शन आदि में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होने बैठक में जिला स्तरीय समस्त विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा सुशासन के महती उद्देश्य को लेकर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक विभाग प्रमुख सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्र का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग और खाद्य विभाग में लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की कम संख्या को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने निर्धारित समय सीमा में सभी आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के निराकरण में प्रगति काफी कम है। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी की जा रही है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी प्राथमिकता से अपने न्यायालयों में निरंतर दर्ज मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक सुनवाई को ऑनलाइन दर्ज करें।

जिले में गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण के लिए आवा पानी झोंकी अभियान को जन जन ले जाने और इसके लिए जागरूकता से संरचनाएं बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम स्तर पर कार्य कराए जाएं। जिले में इस वर्ष व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान क्रियान्वित किया जाना है। इसके लिए वन विभााग, राजस्व और पंचायत विभाग को सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि बेटी संग पांच पौधे, एक पेड़ मां के नाम और मियावाकी पद्धति से होने वाले प्लांटेशन के लिए महिलाओं की सहभागिता हेतु उन्होने कार्ययोजना बनाकर समस्त आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। पौधारोपण अभियान चलाए जाने पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला कर बारिश से पहले सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। महिलाओं को इस अभियान में शामिल करने के लिए ग्राम पंचायत में युवतियों को और गर्भवती महिलाओं को एक एक पौधे लगाने और हर बेटी के जन्म पर पांच पौधे लगाए जाने हेतु मैदानी स्तर पर पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में उन्होने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सभी जगहों पर सिकल सेल में ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच करने, चिकित्सालयों में डाक्टरों की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की सदैव शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने तथा आंगनबाड़ी स्तर पर पोषण हेतु लड्डू वितरण की निरंतर निगरानी करने के निर्देश भी दिए। पालतू पशुओं के टीकाकरण को गति देने के निर्देश देते हुए श्रीमती चंदन ने कहा कि बारिश से पहले ही सभी पशुओं का टीकाकरण कार्य अनिवार्य तौर पर पूरा करें। शहरी क्षेत्र में बन रहे सभी प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होने दोनों नगरपालिका अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से भ्रमण कर हितग्राहियों से संवाद करने और बारिश के पूर्व सभी आवास जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। महतारी वंदन योजना में लंबित ई के वाई सी शत प्रतिशत करने के निर्देश देते हुए उन्होने अलग अलग शिकायत पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस बैठक में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डी डी मण्डावी, एसडीएम, जनपद सीइओ सहित समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### श्रुति मंगतानी और आदित्य तिग्गा ने बढ़ाया नगर व विद्यालय का गौरव

**मनेन्द्रगढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर के विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर नगर व विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की श्रुति मंगतानी ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 500 में से 487 अंक प्राप्त कर राज्य की टॉप 10 की सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं की परीक्षा में आदित्य तिग्गा ने 600 में से 576 अंक प्राप्त कर विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय स्तर पर कक्षा 12वीं की परीक्षा में अनुष्का सिन्हा नें 87.60 प्रतिशत ने द्वितीय और 85.40 अंक प्राप्त कर पी. विद्या तृतीय स्थान पर रहीं वहीं कक्षा दसवीं की परीक्षा में रीत शर्मा 92.50 अंकों के साथ द्वितीय और राशु सिंह बघेल ने 89.50 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के विद्यार्थी विगत तीन वर्षों से लगातार राज्य स्तर पर टॉप कर रहे हैं। सत्र 2023-24 में कक्षा बारहवीं की श्रुति रोहरा ने 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में 6वें स्थान पर रहीं। सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं 97.16 प्रतिशत अंको के साथ राज्य में 10वॉ स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय प्रबंधन अपनी परम्परा के अनुसार टॉपर्स विद्यार्थियों को तिलक लगा कर व मिष्ठान के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रोत्साहित व सम्मानित किया। संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर व सचिव संजय सिंह सेंगर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं व बधाईयां प्रेषित की।

### आपके घर के अचार सी खुश्बू और स्वाद लिए कोरिया पिकल अब बाजार में उपलब्ध



**कोरिया,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित वोकल फार लोकल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं को देशी उत्पाद बनाने के लिए आवश्यक मदद और संसाधन देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं को चयन कर उनके कौशल का विकास कर ऐसे उत्पाद निर्माण कार्यों में संलग्न किया जा रहा है जिससे वह लखपति दीदी की श्रेणी में आ सकें और उनका आर्थिक स्वावलंबन निर्धारित हो सके। इस कड़ी में आज कोरिया जिले में स्व सहायता समूह की दीदियों ने केमिकल फ्री अचार बाजार में उपलब्ध करा दिया है। इसका औपचारिक शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किया।

#### क्या है कोरिया पिकल

कोरिया जिले में दो जगहों पर कोरिया पिकल नामक देशी अचार उत्पाद निर्माण की इकाईयों को प्रारंभ किया जा रहा है।

# एससीएल, निगम की संयुक्त सफाई निरीक्षण दौरा

## कलेक्टर सहित स्थानीय प्रशासन रहा मौजूद

## छोटा बाजार सेंटर को 50000 प्रोत्साहन राशि की घोषणा



**चिरमिरी,** 13 मई (देशबन्धु)। 11 मई रविवार का दिन सफाई और पानी के नाम रहा, इस अभियान और निरीक्षण में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के साथ, नगर निगम महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, निगम के समस्त एमआईसी सदस्य, जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सहित एसईसीएल सीजीएम चिरमिरी, एसडीएम चिरमिरी, तहसीलदार चिरमिरी सहित निगम के कई बड़े अधिकारी शामिल रहे।

विदित हो कि जिला प्रशासन, राजस्व और नगर निगम की टीम सबसे पहले चिरमिरी के डोमनहिल पहुंची जहां से आज संयुक्त रूप से पानी, सफाई और विभिन्न योजनाओं के मद्देनजर निरीक्षण और जायजा लेने की आगाज हुई। इस दौरे में उन सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया जिन क्षेत्रों में आने वाले समय में कई योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरा जाना है। दौरे में निकली सयुक्त टीम का मुख्य उद्देश्य चिरमिरी का कायाकल्प करना हैं और कलेक्टर एमसीबी, एसई सीएल क्षेत्र में सीजीएम चिरमिरी से स्वयं विषयों की गंभीरता को समझने का प्रयास किए ताकि मंत्री जी द्वारा बताए गए विभिन्न विकास कार्यों को अल्प कालीन समय और सुगमता के साथ पूर्ण कराया जा सके।

उल्लेखनीय रहे कि नगर निगम के लगभग 40 वार्डों में निरीक्षण और जायजा लेने की कड़ी में मुख्यत डोमनहिल का खेल मैदान और हल्दीबाड़ी का हीरागिर मैदान, बड़ाबाजार का टिकरापारा, छोटाबाजार सेंटर क्रमांक 09, छोटा बाजार शंभू चौक के ऊपर के पानी टंकी से नवीन पाइप लाइन लिंक, हल्दीबाड़ी शनिचरी मार्केट में अवैध अतिक्रमण और बाजार सेड सहित पीएचई के लीकेज पाइप लाइन में स्थाई टंकी बनाकर पानी संचय, हीरागिर मैदान के पहाड़ में रोपवे को लेकर जायज लिया गया वही सेंटर छोटा बाजार का सेंटर क्रमांक 09 के निरीक्षण दौरान व्यवस्थित और साफ सफाई को देख स्वास्थ्य मंत्री काफी प्रभावित हुए और 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्य रूप से चिरमिरी के 40 वार्डों में पानी और साफ सफाई की शिकायत मिल रही थी इसी क्रम में आज जिला प्रशासन से कलेक्टर एमसीबी, ह्यद्रष्य सीजीएम चिरमिरी, महापौर और निगम का पूरा अमला तथा राजस्व की टीम मिलकर सयुक्त रूप से पूरे वार्डों का दौरा की और निराकरण करने की दिशा में विचार विमर्श कर फैसला लिया गया वही क्षेत्र के स्टेडियम को सुव्यवस्थित करने की भी दिशा में सार्थक कदम उठाने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी एक दो स्थानों को चिन्हित किया गया और छोटा बाजार के सेंटर का भी निरीक्षण किए। उन्होंने आगे कहा कि कई उपक्रम है जैसे एसटीपी प्लांट वाटर सप्लाई का भी संयुक्त रूप से जायजा लिया गया और बेहतर व्यवस्था के लिए कुछ उपयोगी कदम उठाने के लिए निर्देश दिए गए है। पूर्व में की गई सयुक्त बैठक के संदर्भ में मंत्री जी ने कहा कि उस पर काम चल रहा है, उसमें और मोटर लगाएगी तथा निगम और पीएचई विभाग पाइप लाइनों के विस्तार में लगे है। इसके साथ ही पानी के टैंकरों की भी संख्या बढ़ा दी ही है ताकि अंतिम छोर की समस्या का भी समाधान किया जा सके। उक्त दौरे के दौरान मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, बबलू शर्मा, राजू नायक, रूपेश सेठिया, धर्मेंद्र त्रिपाठी, संजीत सिंह पार्षद, गणेश ठाकुर, रणविजय, भूपेंद्र सिंह, शिलाकांत झा, द्वारिका जायसवाल, सत्यनारायण सिंह, आरुषि सिंह, सरोज स्त्डुह्य, संजय सोनवानी, नरेंद्र साहू, अजय सिंह, विंदू यादव, मनोज दे सहित भारी संख्या में निगम, एस ई सी एल,अधिकारी कर्मचारी और वार्डवासी मौजूद रहे।

## वन नेशन, वन इलेक्शन कार्यक्रम संपन्न, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

**मनेन्द्रगढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। सुरभि पार्क में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले, नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन व्यवस्था देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। बार-बार चुनावों में शिक्षकों, पुलिसकर्मियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है जिससे बच्चों की शिक्षा, कानून व्यवस्था और नागरिक सेवाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि जनता के टैक्स का पैसा भी संरक्षित रहेगा, जिसे देश के आधारभूत ढांचे के विकास में लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी खर्चों में कटौती से कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि इससे शासन में स्थायित्व आएगा और विकास की गति तेज होगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन संचेती, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, आशीष सिंह, संजय सिंह सेंगर, जय चंद बोथरा, रमाकांत पढ़ियार, लक्ष्मी चंद केसरी सहित अनेक वक्ताओं ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## जनदर्शन में पहुंचे जिले भर के लोग, कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**रायगढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले भर के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने आवेदकों के आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही एवं श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित रहे।



जनदर्शन में आज जूटमिल निवासी वृद्ध उमा सिदार निराश्रित पेंशन की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही है। उनके पास मजदूरी के अलावा आय का कोई स्त्रोत नहीं है, उन्होंने बताया कि उन्हें शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने निवेदन किया कि उन्हें निराश्रित पेंशन प्रदान किया जाए। इसी प्रकार जूटमिल निवासी 62 वर्षीय श्री विजय सारथी भी वृद्धा पेंशन की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत वृद्ध है एवं उनके परिवार का कोई सदस्य नहीं है। मजदूरी के अलावा आय का कोई साधन नहीं है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदनों के प्राथमिकता से निराकरण करने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। छोटे अंतरमुडा निवासी श्री दिलीप चक्रवर्ती ने बिजली बिल संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए मीटर में से उसके वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग आ रहा है। जिससे मेरे उनका बिजली बिल बढ़ते जा रहा है, उन्होंने समस्या का निराकरण का आग्रह किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी सीएसईबी को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। सहदेव पाली निवासी सरला अग्रवाल भूमि स्वामी हक की भूमि पर बिना अनुमति के अवैध रूप से ईट बनाए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनका जोरापाली में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि में अन्य व्यक्ति द्वारा लाल ईट बना रहा है। उन्होंने ईट भट्टा बंद करवाने का आग्रह किया। आवेदन पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने एसडीएम रायगढ़ को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। बोईरदादर वार्ड क्रमांक 48 के वार्डवासियों ने शराब दुकान हटाए जाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गोवर्धनपुर रोड स्थित सतनामी मोहल्ला में निवास करते है, लेकिन मोहल्ले में शराब दुकान होने के कारण आए दिन शराबियों द्वारा गाली गलौज, मार-पीट, लड़ाई झगड़ा सामान्य बात हो गई है। इससे महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही माहौल खराब होने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने शराब दुकान हटाए जाने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदन के निराकरण हेतु आबकारी विभाग को निर्देशित किया। कोड़ातराई निवासी ललिता वैष्णव ग्रामीण बैंक द्वारा मृतिका उनकी माता के नाम पर जमा राशि प्रदान नहीं कारण की शिकायत आवेदन लेकर पहुंची थी।

## राज्य महिला आयोग द्वारा जिले में हुई 312 वीं सुनवाई

### अध्यक्ष ने सुनवाई कर 04 प्रकरणों को किया नस्तीबद्ध

**एमसीबी,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने आज कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में जिला गठन के बाद जिला स्तर पर आज प्रथम सुनवाई एवं प्रदेश स्तर पर 312 वीं सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडीशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित रहें। सुनवाई के दौरान महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडिशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल द्वारा बुजुर्ग महिला एथलिट्स श्रीमती शकुन्तला सिंह उम्र 70 वर्ष, श्रीमती कमला देवी मंगतानी उम्र 67 वर्ष, श्रीमती संजीदा खातून उम्र 55 वर्ष एवं 12वीं की छात्रा कुमारी स्वाती मंगतानी को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी एथलिट्स इस उम्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों मैडल जीत कर प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन कर रहीं हैं। आज की सुनवाई के दौरान उभय पक्ष ने बताया कि उनके बीच 25 सितम्बर 2024 को सुलहनामा हो गया था, जानकारी के अभाव पर उन्होंने महिला आयोग को सूचना देने में असमर्थ थे आज सुनवाई के दौरान सुलहनामा का आवेदन प्रस्तुत करने पर आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके पति द्वारा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है एवं भरण पोषण भी नहीं दिया जा रहा है। अनावेदक पहले चरचा कालरी में शासकीय नौकरी करता था। वह



2018 में रिटायर हुए, रिटायरमेंट के बाद उसे 40 लाख रुपये मिला था जिसमें से 18 लाख रुपये अपने नाती के नाम पर बैंक में जमा कर दिया है और अपनी पत्नी आवेदिका को घर से निकाल दिया है जो काफी बीमार है जिसे भरण-पोषण भी नहीं देता है 65 वर्षीय आवेदिका अपनी बेटी के घर पर असहाय अवस्था में रह रही है। आवेदिका की दो बेटियां उपस्थित है और दोनों में आवेदिका के पक्ष में बयान दिया है और यह बताया है कि उनका पिता अनावेदक लगातार डंडे से मारपीट करता है और भरण-पोषण भी नहीं देता है। अनावेदक के पास 15 लाख रू. बैंक में जमा है आयोग की समझाइश पर 05 लाख रू. अपनी पत्नी को देने के लिए तैयार है। आगामी 15 मई 2025 को 5 हजार व 15 दिनों के अंदर 5 लाख रू. अपनी पत्नी को देगा। इस प्रकरण में प्रोटेक्शन ऑफिसर वित्तबाला श्रीवास्तव को निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा प्रतिमाह 01 वर्ष तक नियमित निगरानी किया जायेगा।

## कोरिया जिले के 479 वंचित परिवारों के चेहरों पर आई पक्के आशियाने की मुस्कान




**कोरिया,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह बेहद प्रसन्नता का विषय है कि आज कोरिया जिले के और 479 परिवारों का पक्के मकान का सपना पूरा हुआ।

मोर आवास -मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत इन परिवारों ने उल्लास पूर्वक गृह प्रवेश कर अपने स्तर पर उत्सव मनाया। 'मोर आवास - मोर अधिकार' कार्यक्रम के तहत आज राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदश के 51 हजार परिवारों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सांकेतिक सहभागिता की। अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में भी कोरिया जिले के कई हितग्राही शामिल हुए और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 479 परिवारों ने नए घरों में गृह प्रवेश के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 298 और सोनहत जनपद के 181 परिवार शामिल रहे हैं।

## देवगढ़ में सुशासन तिहार के तहत विशेष शिविर सम्पन्न, 1672 में से 1486 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**एमसीबी,** 13 मई (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवगढ़ में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण में आज एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देवगढ़ मे आयोजित किया गया, शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण सम्मान, सौहार्द्र और सहभागिता की भावना से अभिभूत रहा। इस विशेष शिविर में जनुवां, बेलगांव, चरखर, सिंगरौली, डोम्हारा, देवगढ़, लरकोड़ा एवं डोगरीटोला ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में तीसरा चरण संचालित हो रहा है। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किन विभागों ने अब तक कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन प्रक्रियाधीन हैं तथा कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इनमें से 1486 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 186 आवेदन लंबित रह गए हैं, जिनके शीघ्र निराकरण का भरोसा संबंधित अधिकारियों द्वारा दिलाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1171 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1167 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 4 आवेदन लंबित हैं।



पशुधन विकास विभाग के सभी 32 आवेदनों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग (देवगढ़ क्लस्टर) को 83 आवेदन मिले, जिनमें से 76 का समाधान किया गया और 7 लंबित हैं। आदिम जाति विकास विभाग को 15 आवेदन प्राप्त हुए, परंतु केवल 2 का ही निराकरण हो सका, शेष 13 आवेदन लंबित हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 74 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से केवल 17 का निराकरण हो पाया, जबकि 57 आवेदन लंबित हैं। कृषि विभाग को 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 का निराकरण किया गया, जबकि 11 अभी भी लंबित हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 136 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 70 का निराकरण किया गया और 66 आवेदन शेष हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका सभी का निराकरण कर दिया गया। शिक्षा विभाग को 13 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 11 का निराकरण किया गया तथा 2 लंबित हैं। ऊर्जा विभाग को 57 आवेदन मिले, जिनमें से 34 का निराकरण हुआ और 23 अभी भी लंबित हैं। अधिकारियों ने बताया कि लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाएगा।शिविर के दौरान नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करते हुए कार्य की पारदर्शिता और जवाबदेही का परिचय दिया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और आम जनता की सक्रिय भागीदारी ने शिविर को सफल और प्रभावी बना दिया। वही शिविर में जनपद पंचायत द्वारा रिंकी बैगा, सुलोचना बैगा, फूलबाई बैगा, गनेशिया और रंजना बैगा को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनिता चौधरी, सुखमंती सिंह, जनपद पंचायत सदस्य लाल साय बैगा, सुखलाल सिंह मरावी, कैलाश सिंह, धर्मपाल मरावी, भारती बसोर, आम आदमी पार्टी अध्यक्ष रमा शंकर मिश्रा, सरपंच शांति बैगा, स्नेह लता सिंह, सुमित्रा सिंह, केशकली, नागेंद्र सिंह तथा गौतम सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी प्रितेश राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ अजय सिंह राठौर, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सार-संक्षेप

### खम्हारिया और नौरंगपुर में समाधान शिविर आज

**सारंगढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 14 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत खम्हारिया और सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौरंगपुर में समाधान शिविर होगा।समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविर में विकासखंड, अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नागरिकों की मांग और समस्याओं से रूबरू हुए कलेक्टर

**सारंगढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में जिले का नागरिकों का आवेदन जनदर्शन में अवलोकन किया। इसके साथ साथ कलेक्टर कार्यालय परिसर में उपस्थित आवेदकों से भी उनकी समस्या की जानकारी ली और उन्हें एक सप्ताह में उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

जनदर्शन आवेदन में विधवा पेंशन, परधीयापाली में प्रदूषण और अवैध उत्खनन, वन अधिकार पट्टा, महतारी वंदन योजना कार्य में ऑपरेटर का भुगतान, भण्डोरा, परसापाली, पुरगांव, टेंगना कछार के सरपंच सचिव के गबन का शिकायत, पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, ग्राम जोरा में जल जीवन मिशन का मरम्मत, राइस मिल संचालन रोकने, सिलादेई आंगनबाड़ी केंद्र का शिकायत,

ग्राम टाटा में मनरेगा से रोजगार देने, तालाब गहरीकरण, जीपीएफ अंतिम भुगतान, भू अर्जन, दिव्यांग प्रमाण पत्र, स्टे हटाने, अभिलेख दुरुस्ती, जसपुर समिति के कर्मचारियों को यथावत रखने, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नाली निर्माण पर रोक, भूमि का प्रमाणित नकल, शासकीय भूमि का कब्जा हटाने, चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा, ग्राम जमगहन में पचरी तोड़कर मकान निर्माण तोड़ने के विरुद्ध शिकायत, पटवारी द्वारा न्यायालय आदेश के पालन में लापरवाही, चिरमिरी में फर्जी तरीका से नौकरी करने वाले मंगलदास एवं रामदास के विरुद्ध एफआईआर करने आदि का आवेदन प्राप्त हुआ है।

#### सड़क निर्माण हेतु आवेदन

आवेदकों ने बरमकेला ब्लॉक में डुमरपाली से घोघरा, परधीयापाली से खैरट, परधीयापाली से भालूपानी तक सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया है।

सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम आमाकोनी और छोटे गंतुली के निवासियों ने शिकायत किया है कि ठेकेदारों ने गांव के निस्तारी तालाबों में मछली पालन कर रहे हैं, जहां दवाई और पोल्ट्री फार्म के कटिंग मांस को तालाब में डाला जाता है जिससे सभी ग्रामवासियों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा। ऐसे तालाबों में मछली पालन पर प्रतिबंध और अनुमति नहीं देने का कलेक्टर को अनुरोध किया है।

### ट्रैक्टर चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता

#### 70,हजार रुपये में तय किया था बेचना, 20 हजार रुपये लिए गए थे एडवांस,दो अपचारी बालक सहित तीन गिरफ्तार



**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। बलौदा थाना क्षेत्र से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्राली मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर सेल जांजगीर और थाना बलौदा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं मामले में शामिल दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय पेश किया गया है।

घटना की 8 मई को हुई जब बलौदा निवासी वेदमणी कटकवार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका स्वराज ट्रैक्टर और नीले रंग की ट्राली 6 मई की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रकरण में अपराध की धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। जिले के वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में गठित साइबर टीम व थाना बलौदा की टीम ने तकनीकी विश्लेषण व गहन पूछताछ के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। मुख्य आरोपी हरिश धीवर (निवासी बोडसरा), देवेन्द्र धीवर उर्फ बाबा राम (निवासी अफरीद) एवं रिंकू सिदार (निवासी खपरीडीह) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्होंने चोरी किए गए ट्रैक्टर को बोडसरा में तथा ट्राली को देवेंद्र के माध्यम से रिंकू सिदार को 70,हजार रुपये में बेचना तय किया था, जिसमें 20 हजार रुपये एडवांस लिए गए थे। पुलिस ने मेमोरेण्डम कथन के आधार पर चोरी की गई ट्राली व ट्रैक्टर को बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को 12 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साथ ही प्रकरण में सम्मिलित दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में बलौदा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष तबोली, साइबर प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, सहायक उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आरक्षक विवेक सिंह, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुब, शहबाज अहमद, अर्जन यादव, हजारी लाल मेरसा सहित बलौदा थाना से मुकेश यादव, गजानंद पाटनवार, हेमंत साहू, महेश राज व प्रहलाद निर्मलकर का योगदान रहा।

### झोलाछाप डॉक्टर को संरक्षण ? खंड चिकित्सा अधिकारी पर उठे सवाल

**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के अंतर्गत एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा अवैध क्लिनिक संचालन को लेकर गंभीर आरोप खंड चिकित्सा अधिकारी पर लगे हैं। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड नवागढ़ के पास एक व्यक्ति बिना किसी पंजीयन के एलोपैथिक दवाइयों से इलाज कर रहे हैं।

इस संबंध में गत 4 दिसम्बर 2024 को शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा संज्ञान लेते हुए विकासखंड स्तर पर समिति गठित कर तीन दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। 01 जनवरी 2025 को जारी पत्र के बावजूद आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, और उक्त क्लिनिक आज भी संचालित हो रहा है।

शिकायतकर्ता द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जवाब मांगा गया, परंतु खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा 02 फरवरी 2025 को जारी पत्र में जानकारी देने से यह कहते हुए इंकार कर दिया गया कि यह जानकारी तृतीय पक्ष से संबंधित है।

इससे यह संदेह गहराता है कि कथित डाक्टर को खंड चिकित्सा अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय जनता में इस बात को लेकर रोष है कि स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता झोलाछाप डॉक्टरों को खुली छूट दे रही है, जिससे मरीजों की जान को खतरा हो सकता है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए तथा अवैध क्लिनिक को तत्काल बंद कराया जाए।

#### अनेक अवैध क्लिनिक संचालित

आरोप है कि खण्ड चिकित्सा अधिकारी से प्रश्रय प्राप्त, ऐसे ही बिना पंजीयन के अनेक अवैध क्लिनिक संचालित कर झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा नवागढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में उपचार कर लोगों के जान माल के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

अवैध क्लिनिक संचालन कर उपचार करने वाले झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर आमजनों की जान माल सुरक्षा हो सके।

# रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

### सांसद, विधायक, अध्यक्ष खनिज विकास निगम सहित जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

### अब रजिस्ट्री के बाद होगा स्वतः होगी नामांतरण




**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, अधिवक्तागण, मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रजिस्ट्री की 10 क्रांतियों से आमजनों एवं किसानों को लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामंतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में रजिस्ट्री में की गई 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डीजीलॉकर में सारे दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने इस नई क्रांति के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की बहुत अच्छी पहल है। नागरिकों को अब नामांतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामतरण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इसके संबंध में सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यशाला में 10 क्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, राजकुमार साहू, श्रीमती मोहनमति साहू, महादेव नेताम, सुश्री आशा साव, श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, इंजी. रवि पांडेय, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

#### वर्कशॉप में विस्तार से दी जानकारी

पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर के मास्टर ट्रेनर सत्य प्रकाश गौरहा एवं पवन मरावी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान भी किया।

#### ये है रजिस्ट्री की 10 क्रांतिकारी पहल

फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन

पंजीयन साफ्टवेयर को आधार लिंक किया गया है, पंजीयन के समय क्रेता-विक्रेता एवं गवाहों की पहचान आधार रिकार्ड व बायोमेट्रिक के माध्यम से की जाएगी जिससे गलत व्यक्ति को खड़े कराकर पंजीयन नही हो सकेगा। आम जनता को फर्जीवाड़े का शिकार नही होना पड़ेगा और फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

#### रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड की सुविधा

आम आदमी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर स्वयं का घर खरीदते है, इसलिए संपत्ति खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल आवश्यक है। अभी रजिस्ट्री की जानकारी के लिए पंजीयन कार्यालय में स्वयं या वकील के माध्यम से उपस्थित होकर सर्च करना पड़ता है, रजिस्ट्री खोज का प्रावधान होने से खसरा नंबर डालते ही उस खसरे के पूर्व के समस्त लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी। खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

#### स्टांप एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान

पहले रजिस्ट्री कराने के लिए स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का अलग-अलग जगह और समय पर भुगतान करना पड़ता था। अब स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क को एक साथ लिये जाने के लिए स्टांप एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान सिस्टम तैयार किया गया है। स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क का एक साथ सुविधानुसार क्रेडिट डेबिट कार्ड, पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग अथवा यूपीआई से फीस का भुगतान हो सकेगा।

#### घर बैठे रजिस्ट्री

दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों जैसे-रेंट

### मारपीट व पुलिस ज्यादती का आरोप, पीड़ितों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। अकलतरा तहसील के ग्राम पौड़ी (दल्हा) निवासी जगमोहन यादव व अन्य ग्रामीणों ने बीती रात लगभग 2 बजे पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि वे अपने बुजुर्गों के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहे थे, जब बलौदा थाने के स्टाफ ने बिना किसी वजह के उनकी गाड़ी को रोका और मारपीट शुरू कर दी।

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि पुलिस ने न केवल बुजुर्गों के सामने गाली-गलौज की, बल्कि महिलाओं के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ितों में से एक लतीफ मोहम्मद को, जिनके हाथ में इंजेक्शन की नली लगी थी, भी पीटा गया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने लात-घूंसे और डंडों से हमला किया।

इस घटना के प्रमुख आरोपी के रूप में रवैया अमित कुमार ठाकुर व उनके अन्य सहयोगियों का नाम सामने आया है। शिकायत में पीड़ितों ने पुलिस पर बेवजह हमला करने और संवेदनहीन व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हो सकें।

### हिंदूवादी नेता रज्जे अग्रवाल ने मुस्लिम यूवती शहनाज अंसारी का कन्यादान कर हिन्दू युवक अभिषेक तिवारी के साथ कराया विवाह

#### जालेश्वर महादेव तीर्थ में वैदिक परंपरा से ब्राह्मण युवक एवं मुस्लिम युवती ने किया विवाह

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थ जालेश्वर महादेव में ब्राह्मण युवक ने वैदिक परंपरा के साथ मुस्लिम युवती से विवाह रचाया। बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित इस विवाह कार्यक्रम के प्रमुख कर्ताधर्ता हिंदूवादी नेता एवं गौरेला नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद राजेश अग्रवाल उर्फ रज्जे दादा रहे जिन्होंने युवती का कन्यादान किया। यह विवाह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रमुख तीर्थ स्थल जालेश्वर महादेव में संपन्न हुआ जिसमें महंत ज्ञानेश्वर पुरी सहित अनेक वरिष्ठ हिंदू नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कन्यादान करने वाले हिंदूवादी नेता राजेश अग्रवाल उर्फ रज्जे दादा ने वधू को यथासंभव भेंट सामग्री प्रदान की। वैदिक परंपरा से विवाह संपन्न होने के बाद सभी आगंतुकों के लिए भोज का आयोजन किया गया।



#### सुर्खियों में फिर एक बार गौरेला

लव जेहाद के मामले में बीते 15 दिन से सुर्खियों में रहा गौरेला एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल एक सप्ताह पूर्व ही एक ब्राह्मण समुदाय की शादीशुदा महिला ने एक मुस्लिम युवक से शादी रचा ली थी जिसके कारण गौरेला में काफी हंगामा मचा था। अब इसके ठीक उलट एक मुस्लिम युवती ने ब्राह्मण युवक से वैदिक परंपरा के साथ हिंदू धर्म अपनाते हुए विवाह किया है इसके बाद गौरेला एक बार फिर सुर्खियों में है।

## सुशासन तिहार समाधान शिविर में पहुंचे सांसद एवं कलेक्टर

### ग्राम पंचायत कुटरा में और नगर पालिका परिषद चांपा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनता को उनकी समस्या, शिकायत और मांग के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए आज जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत कुटरा के हाई स्कूल में और नगर पालिका परिषद चांपा के भालेराय ऑडिटोरियम एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल चांपा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका चांपा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंची। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के प्रगति की जानकारी एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत कुटरा में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शिविर में लगाये गये विभागीय स्टालों का अवलोकन कर आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी तथा सभी प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों, मुआवजा प्रकरण एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों का पंजीयन करने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र



हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों को सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य हितग्राही मूलक सामग्री का वितरण किया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार, गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित नागरिकों को संबंधित विभाग के योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, राजस्व, मछली पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर श्री सुब्रत प्रधान, जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ श्री अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### ग्राम नंदेली में और करनौद में आज आयोजित

समाधान शिविर अंतर्गत 14 मई 2025 को जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत नंदेली के हाई स्कूल मैदान में और जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत करनौद में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल जिले के 34 टॉप विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

### 10वीं में चारू गुप्ता 95.17 प्रतिशत और 12वीं में परी सिंघई ने 92.40 प्रतिशत अंक से जिले में किया टॉप

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 में आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर जिले के 34 टॉप विद्यार्थियों को कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने अपने हाथों से फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर ने 10वीं में चारू गुप्ता को 95.17 प्रतिशत और 12वीं में परी सिंघई को 92.40 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। इसके साथ ही कक्षा 12वीं में टॉप-10 विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं में विभिन्न स्कूलों के 14 और विभिन्न छात्रावासी 10 छात्रों को भी सम्मानित किया।

उन्होंने सभी छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में माता-पिता और शिक्षकों को भी



आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने विशेष रूचि लेते हुए 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा के पूर्व जिले में बेहतर परिणाम लाने संकुलवार चयनित विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनका मनोबल बढ़ाया था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन लाने में उनके माता-पिता और शिक्षकों की अहम भूमिका है। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन से हमारा जिला गौरवान्वित हुआ है।

सम्मानित किए गए छात्रों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी परी सिंघई स्वामी आत्मानंद स्कूल सेमरा, रोहित वासुदेव शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल नवागांव, शुभम जिवनानी स्वामी आत्मानंद स्कूल कोटमीकला, नवीन नामदेव भारत माता स्कूल अड़भार, श्रेयांश माल्या स्वामी आत्मानंद स्कूल धनौली, मृदुल गुप्ता भारत माता स्कूल अड़भार, रश्मि यादव पीएमश्री सेजेस स्कूल पेण्ड्रा, अन्नपूर्णा चन्द्रा शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल मरवाही, सौम्या सोनी भारत माता स्कूल अड़भार एवं ऋषभ मिश्रा भारत माता स्कूल अड़भार शामिल हैं। कक्षा 10वीं में चारू गुप्ता स्वामी आत्मानंद स्कूल सिवनी, हिमांशी रोहणी स्वामी आत्मानंद स्कूल धनौली, शिवांगी राठौर शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल पेण्ड्रा, काया नायक स्वामी आत्मानंद स्कूल सेमरा, सदफ अंजुम स्वामी आत्मानंद स्कूल सेमरा, आराध्या सोनी सेंट मारियस हायर सेकण्डरी स्कूल पेण्ड्रारोड, आदित्य केशरवानी शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल पेण्ड्रा, अदिबा फातिमा अमिता शिक्षा निकेतन स्कूल पेण्ड्रारोड, मूलचंद शासकीय हाईस्कूल चुकतीपानी गौरेला, माही सोनी स्वामी आत्मानंद स्कूल सेमरा, आशिष गुप्ता भारत माता स्कूल अड़भार, उपासना शासकीय हाईस्कूल धोबहर, सौम्या राठौर स्वामी आत्मानंद स्कूल धनौली एवं सिया केशरवानी अमिता शिक्षा निकेतन स्कूल पेण्ड्रारोड शामिल हैं।

### 12 दिनों में 884 चालकों पर कार्रवाई, 2.93 लाख वसूला जुर्माना



**जांजगीर,** 13 मई (देशबन्धु)। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जांजगीर-चांपा पुलिस ने बीते 12 दिनों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें बड़ी संख्या में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत 34 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत मामला दर्ज कर वाहनों को जप्त करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

इसके अतिरिक्त तेज गति (ओवरस्पीडिंग) से वाहन चलाने पर 42 वाहन चालकों बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 70 चालकों बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने पर 126 चालकों अन्य नियम उल्लंघनों सहित कुल 884 चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2,लाख93हजार,5 सौ का जुर्माना वसूला गया। वहीं, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने और तेज रफ्तार से वाहन चलाने जैसे मामलों में 46 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम आवास की तीसरी किश्त जारी करने और आवास मित्रों का मानदेय भुगतान सुनिश्चित करें

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 13 मई (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण के लिए प्रथम एवं द्वितीय किश्त के बाद तीसरी किश्त की राशि जारी करने और आवास का फोटो पोर्टल में दर्ज कराने की प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए आवास मित्रों का मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश तीनों जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने आवास को लेकर लेट लतीफी एवं मनमर्जी करने वाले तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने



खरीफ फसलों की तैयारी के तहत खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण एवं किसानों से उठाव कराने के साथ ही फसल चक्र परिवर्तन के तहत धान के अलावा उड़द, कोदो, तिलहन आदि खरीफ फसलों के लिए किसानों को प्रेरित करने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीएमश्री योजना के तहत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव शीघ्र उन्हें उपलब्ध कराने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का बारीकी से अध्ययन एवं परीक्षण कर गुणवत्ता के साथ निराकृत करने और शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की स्थिति से उन्हें अवगत कराने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिले में आकस्मिक दौरा एवं समीक्षा बैठक को ध्यान में रखते हुए सभी जिला अधिकारियों को सतर्क रहने एवं समीक्षा हेतु निर्धारित बिंदुओं के अनुसार तैयारी करने तथा कलेक्टर की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ग्रीष्मी चांद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर एवं मरवाही प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर अमित बेक सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## इजराइली रक्षा बलों ने की खान यूनिस में हमास पर हमले का दावा

**यरूशलम,** 13 मई (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने खान यूनिस शहर में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास पर हमला करने का दावा किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने खान यूनिस के नासिर अस्पताल में स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में काम कर रहे महत्वपूर्ण हमास आतंकवादियों पर सटीक हमला किया। इस परिसर का उपयोग आतंकवादी इजरायली नागरिकों एवं आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए कर रहे थे। इज़रायली सेना के अनुसार, हमले से पहले नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने की दिशा में कदम उठाए गए थे।

# अमेरिका ने की ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा

### परमाणु हथियारों के अनुसंधानव विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है कार्रवाई का उद्देश्य

**वाशिंगटन,** 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के तीन नागरिकों और एक इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह इकाई तेहरान के रक्षात्मक नवाचार और अनुसंधान संगठन से जुड़ी है। फारसी में इसे एसपीएनडी के नाम से जाना जाता है। एसपीएनडी ईरान के 2004 से पहले के परमाणु हथियार कार्यक्रम का प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी है। इसे अमाद परियोजना के रूप में भी जाना जाता है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जिन व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है वे सभी ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान करते हैं। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का पर्याप्त विस्तार करना जारी रखता है और परमाणु हथियारों और परमाणु हथियार वितरण प्रणालियों पर लागू दोहरे उपयोग वाले अनुसंधान और विकास गतिविधियों को अंजाम देता है। ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं है, लेकिन फिर भी वह 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। वह विदेशी कंपनियों



से दोहरे इस्तेमाल वाली चीजें खरीदने के लिए नकली कंपनियों और एजेंटों का इस्तेमाल करके अपने प्रयासों को छिपा रहा है। बयान में आगे कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की कार्रवाई का उद्देश्य परमाणु हथियारों के अनुसंधान और विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है। आज की कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त न कर सके। अमेरिकी विदेश मंत्री का यह बयान रविवार को अमेरिका और ईरान द्वारा ओमान की राजधानी मस्कट में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के चौथे दौर के समापन के बाद आया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने एक्स पर लिखा कि ईरान-अमेरिका की अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर संपन्न हुआ, एक-दूसरे की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और मतभेदों को दूर करने के लिए उचित और यथार्थवादी तरीके खोजने के लिए कठिन लेकिन उपयोगी वार्ता। अगले दौर का समन्वय और घोषणा ओमान के द्वारा की जाएगी। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए ओमान में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता बहुत अधिक गंभीर और स्पष्ट हो गई है।

## ईरानी व मिस्र के विदेश मंत्रियों ने की क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा



**तेहरान/काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत की और ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों की नवीनतम स्थिति और कई क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि बातचीत के दौरान अराघची ने अब्देलती को ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के चौथे दौर की जानकारी दी, जो रविवार को ओमानी राजधानी मस्कट में आयोजित हुई और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर केंद्रित थी। यह ईरान-अमेरिका के बीच नवीनतम दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता है। यह वार्ता ओमान की मध्यस्थता में पिछले तीन सत्रों के बाद हुई है। इससे पहले दो वार्ता मस्कट में 12 और 26 अप्रैल को तथा एक इटली के रोम में 19 अप्रैल को हुई थी। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार अब्देलती ने अपनी ओर से चल रही परमाणु वार्ता के लिए मिस्र के समर्थन की पुष्टि की तथा उम्मीद जताई कि यह वार्ता दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने में योगदान देगी।

## गाजा में नाकाबंदी के कारण 57 बच्चों की भूख से मौत : डब्ल्यूएचओ



■ लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही गाजा की 21 लाख आबादी

**गाजा सिटी,** 13 मई (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भूखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है।

डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नहीं बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है।

## सुडोकू 6912


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6912




**बायें से दायें:-**

१. छ: माह में होने वाला छैमाही
४. असंगत, बेमेल, संबंधगीन
६. एक प्रकार का नेत्र रोग जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तक, शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा, उत्न्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४ साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियों के चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छ: माह का समय जिसमें उर्ध्व रेखा दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**

१. दोष. ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. ना काम
१२. कमल
१३. उजाड़, जन शून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. युद्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक, विविध

### वर्ग पहेली-6911



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 14 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। अपने छिपे हुए शत्रुओं से संभलकर रहें। ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में आज आपकी रुचि रहेगी। यात्रा प्रवास टालें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा।

मिथुन - अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क - आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे।

सिंह - आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

वृश्चिक - आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मनदु-ख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

मकर - आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ - सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन - आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# रूस-यूक्रेन शांति वार्ता को समर्थन देने के लिए तुर्की तैयार : एर्दोगन

**अंकारा,** 13 मई (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति एर्दोगन के कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई इस बातचीत में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई गई। एर्दोगन ने इस बात पर जोर दिया है कि शांति का माहौल बनाने के लिए युद्धविराम आवश्यक है। दोनों पक्षों को संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से कूटनीतिक वार्ता के लिए मौजूद अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक एर्दोगन ने शांति वार्ता के अवसर पर तुर्की में रूस और यूक्रेन प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करने की इच्छा जाहिर की। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति एर्दोगन के कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई इस बातचीत में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई गई। एर्दोगन ने इस बात पर जोर दिया है कि शांति का माहौल बनाने के लिए



■ शांति का माहौल बनाने के लिए युद्धविराम आवश्यक

युद्धविराम आवश्यक है। दोनों पक्षों को संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से कूटनीतिक वार्ता के लिए मौजूद अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक एर्दोगन ने शांति वार्ता के अवसर पर तुर्की में रूस और यूक्रेन प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करने की इच्छा जाहिर की। तैयप एर्दोगन की जेलेंस्की के साथ यह बातचीत रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई बातचीत के ठीक एक दिन बाद हुई है। इस दौरान एर्दोगन ने कहा कि तुर्की इस्तांबुल में फिर से रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

सोमवार की कैबिनेट की बैठक के बाद राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि तुर्की वैश्विक शांति और कूटनीति में एक महत्वपूर्ण किरदार बन गया है।

## यूक्रेन हमले में छह रूस के नागरिकों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया।

## पाकिस्तानी जेलों से 330 अफगान कैदियों को किया गया रिहा

**काबुल,** 13 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है।

शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने



बताया कि ये बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री अल्बनीज व उनके मंत्रिमंडल ने ली शपथ

**कैनबरा,** 13 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है।

कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने श्री अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विदेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की 'अच्छी तरह और सही मायने में सेवा' करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23 सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। श्री अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद



■ संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर हुई काबिज

तक कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं।

अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को 'बेहतर' बनाने के लिए 'असाधारण अवसर' है। उन्होंने कहा कि चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे।

## आज का इतिहास

1610 –फ्रांस में हेनरी चौथे की हत्या और लुइस तेरहवें फ्रांस की गद्दी पर बैठे।
1702 –इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस और स्पेन के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1811 –पराग्वे स्पेन से मुक्त हुआ।
1878 –पहली बार वैसलीन ब्रांड नाम का रॉबर्ट ए चेसब्राफ ने पंजीकरण करवाया।
1879 –थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े।
1944 –ब्रिटिश सैनिकों ने कोहिमा पर कब्जा किया।
1948 –इस्राइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1955 –वारसा संधि पर हस्ताक्षर। सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप के उसके सहयोगी देशों ने पोलैंड की राजधानी वारसा में इस संधि पर हस्ताक्षर किए। इसके जरिए सदस्य देशों के बीच आर्थिक, सैनिक और सांस्कृतिक संबंधों के विकास पर सहमति बनी।
1963 –कुवैत संयुक्त राष्ट्र का 111 वां सदस्य बना।
1973 –अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंज़ूरी दी।
1984 –फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग का जन्म।
1991 –दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद विरोधी नेता नेल्सन मंडेला की पत्नी विनी मंडेला को चार युवकों के अपहरण के मामले में छह साल की सज़ा सुनाई गई।
1992 –भारत ने लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया।
2012 –इस्राइल की जेलों में बंद 1500 फलस्तीनी कैदी भूख हड़ताल समाप्त करने पर सहमत हुए।
2013 –ब्राजील समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला 15वां देश बना।

**माहौल** *डर की यादें व शांति की उम्मीद लेकर वापस लौटने वाले अभी भी दहशतजदा, बोले*

# तीन दशकों में काफी विनाश देखा, अब स्थायी शांति की कर रहे उम्मीद

**जम्मू, 13 मई (देशबन्धु)। सुबह होते ही 58 वर्षीय अब्दुल रहमान खान ने अपना सामान पैक किया और घर की ओर चल पड़े थे। उड़ी के माधन से ताल्लुक रखने वाले खान उन सैकड़ों लोगों में शामिल हैं, जो पाकिस्तान की गोलाबारी से बचकर बारामुल्ला में अलग-अलग आश्रय शिविरों में रह रहे हैं। खान और उनका परिवार गोलाबारी से बचने के लिए बारामुल्ला के सरकारी महिला कालेज में रह रहे हैं। जब से भारत और पाकिस्तान ने युद्ध विराम पर सहमति जताई है, खान ने अपने होठों पर स्थायी शांति की प्रार्थना के साथ लौटने का फैसला किया।**

वे कहते थे कि यह वास्तव में हमारे लिए एक परीक्षा की घड़ी थी। अब हम घर लौट रहे हैं, क्योंकि पुलिस ने हमें बिना फूटे गोले को सफलतापूर्वक नष्ट करने का आश्वासन दिया है।

खान, जो ग्रामीणों के एक समूह का नेतृत्व कर रहे हैं, अपने सामान के बंडल, डर की यादें और शांति की नई उम्मीद लेकर अपने गांवों में लौट गए हैं। वे कहते थे कि हमने पिछले तीन दशकों में काफी विनाश देखा है। अब, हम एक स्थायी शांति की उम्मीद करते हैं। युद्धों ने अतीत में कई देशों को नष्ट कर दिया है।

याद रहे अधिकारियों ने सोमवार को बारामुल्ला जिले के उड़ी सेक्टर में छह सीमावर्ती गांवों के निवासियों को हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी के बाद बिना फूटे गोले के सफल निपटान के बाद अपने घरों में लौटने की

■ लोगों ने संघर्ष विराम को सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों का किया आह्वान

अनुमति दी थी। उड़ी सेक्टर के छह गांवों - कमलकोट, मधान, गौहलान, सलामाबाद (बिजहामा), गंगरहिल और गवाल्टा में सात यूएक्सओ पाए गए और उन्हें सुरक्षित रूप से निपटाया गया। हालांकि घर लौटने वाले ग्रामीणों को क्षतिग्रस्त संपत्ति, कृषि गतिविधि बाधित और भविष्य को लेकर बेचैनी का सामना करना पड़ा, लेकिन कई लोगों ने सतर्क आशावाद व्यक्त किया और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम को सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों का आह्वान किया। बालाकोट गांव की निवासी शबनम बेगम कहती थीं हमने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। आधी रात को अपने घरों को छोड़ना डरावना था। लेकिन अब जब हम वापस आ गए हैं, तो हम बस यही चाहते हैं कि शांति बनी रहे।

करनाह के निवासी फैयाज करनाही के बकौल, आखिरकार निवासी घर लौट रहे हैं। शांति का माहौल है और लोग बचकर राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन अपने घरों और सामानों के नष्ट होने पर दुख भी है। प्रभावित परिवारों ने सरकार से अपील की है कि गोलाबारी से प्रभावित लोगों का पुनर्वास शुरू किया जाए।

टंगधार के निवासी सजाद अहमद भट कहते थे कि यह हमारे लिए आपदा से भी बढ़कर था। हम सरकार से राहत चाहते हैं ताकि हम शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए अपने घरों का पुनर्निर्माण कर सकें।

## सुडोकू 6912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

## दुनिया को जानें

### बच्चों को दर्द निवारक दवाओं की ओवरडोज से बचाएंगे स्मार्ट सेंसर

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के शोधकर्ताओं ने एक 'स्मार्ट' लेक्टेशन सेंसर विकसित किया है। ये स्मार्ट सेंसर शिशुओं को आम दर्द निवारक एसिटामिनोफेन के अत्यधिक संपर्क से बचाने के लिए खास हैं। एसिटामिनोफेन को आमतौर पर प्रसव के बाद दर्द प्रबंधन के लिए उपयोग में लाया जाता है।

बच्चों को सीधे दवा देने के अलावा मां के दूध से भी दवा मिलने की आशंका बनी रहती है, जिससे दवा के ओवरडोज का जोखिम बन सकता है। यह दवा बच्चों में लिवर फेलियर का प्रमुख कारण है और अमेरिका में लिवर प्रत्यारोपण का सबसे आम कारण है। एसिटामिनोफेन सेंसर को एक साधारण नर्सिंग पैड में शामिल किया जाता है। यह स्तन के दूध में एसिटामिनोफेन का पता लगाता है। विश्वविद्यालय के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर मारल मौसवी ने कहा कि स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी कमियों, स्तन-ऊतक संक्रमण - मास्टिटिस विकसित होने के जोखिम और उनके दूध के माध्यम से दवाओं और अन्य पदार्थों के संभावित हस्तांतरण सहित बहुत सारी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# खेल जगत

## ड्रेपर ने वापसी करते हुए मौटेट को हराया

**रोम।** विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने मंगलवार को इंटरनैजियोनाली बीएनएल डी इटालिया 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोरेंटिन मौटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। उनकी जीत से इस साल का उनका तीसरा मुकाबला स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। दोनों ने पिछले दो मुकाबलों में बराबरी का प्रदर्शन किया था। होल्गर रूण के साथ अपने मैराथन मैच के बाद, मौटेट ड्रेपर के खिलाफ कोर्ट में उतरे और शुरू से ही अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला, शायद उन्हें पता था कि उनकी ऊर्जा तीन सेट तक नहीं टिकेगी। उनके शानदार खेल ने पहले आधे घंटे तक ब्रिटिश खिलाड़ी को पूरी तरह से जवाब देने से रोक दिया, लेकिन ड्रेपर ने धीरे-धीरे वापसी का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया।



# आईपीएल के बाकी मैच बेंगलुरु, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, मुंबई व अहमदाबाद में होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 13 मई (देशबन्धु)। आईपीएल 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते 9 मई को स्थगित किए जाने के बाद अब संशोधित कार्यक्रम के तहत आगे 17 मई से 3 जून तक होगी। आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम की घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार रात को की और इसके बाकी मैच छह स्थानों : बेंगलुरु, जयपुर ,दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

प्ले ऑफ के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी और क्वालीफायर 1, 29 मई को एलिमिनेटर 30 मई को, क्वालीफायर 2, 1 जून को तथा फाइनल 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल के संशोधित कार्यक्रम के तहत बाकी 13 लीग मैच और चार प्ले ऑफ सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे और इसमें दो डबल हेडर होंगे और दोनों रविवार को खेले जाएगे। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 8 मई को धर्मशाला में बीच में समाप्त किया गया मैच अब दोबारा 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक फाइनल और 11 जून को लॉर्डस में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले फाइनल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में सात दिन का अंतर है। आईपीएल अब दोबारा आगे 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बेंगलुरु में मैच से शुरू होगा। दो डबल हेडर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स दोपहर बाद साढ़े तीन बजे अेर गुजरात टाइटंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स से शाम साढ़े सात बजे भिड़ेगी अगले रविवार यानी 25 मई को गुजरात टाइटंस की टीम सीएसके से दोपहर बाद अहमदाबाद में भिड़ेगी जबकि इसी दिन रात को एसआरएच रात को केकेआर से दिल्ली में भिड़ेगी। अंतिम लीग मैच लखनऊ सक्षपर जायंटस और आरसीबी के बीच 27 मई को लखनऊ में होगा।



■ 17 मई से शुरू होंगे आईपीएल के मुकाबले, फाइनल 3 जून को होगा
■ गुजरात के लिए अच्छी खबर बटलर व कोइत्जी बुधवार को टीम से जुड़ेंगे

फिलहाल गुजरात टाइटंस आईपीएल 2025 में अंक तालिका में 16 अंकों के साथ शीर्ष पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक कदम दूर है। गुजरात टाइटंस के लिए अच्छी खबर है मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने में 11 पारियों में 500 रन बना चुके पिछले हफ्ते स्वदेश लौट चुके जोस बटलर और उसके दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी बुधवार यानी आज अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ जाएगा। गुजरात टाइटंस के लिए यही दोनों खिलाड़ी सरहद पर तनाव के बाद अपने अपने घर लौट गए थे। वहीं पंजाब किंग्स के ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी जरूर स्वदेश लौट गए थे लेकिन चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग, ब्रैड हैडिन व जेम्स होप्स सहित उसका कोचिंग स्टाफ भारत में ही रहा था। अब पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलिया के जेवियर बार्टलेट, अजमत उल्लाह उमर जई व मिचेल ओवन ने इस बात की पुष्टि की वे आईपीएल के फिर शुरू होने पर लौट कर अपनी टीम से जुट जाएरुगे। जयपुर अब पंजाब किंग्स का नया अस्थाई बेस है और वह वहां बृहस्पतिवार से ट्रेनिंग शुरू कर रही है। गुजरात टाइटंस की तरह 11 मैचों से 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते आरसीबी फिलहाल दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक जीत दूर है।

यदि अन्य नतीजे आरसीबी के हक में रहे तो वह 16 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ में पहुंच चुके हैं। गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अभी भी 20 या इससे ज्यादा अंकों के साथ समाप्त कर सकती है। पंजाब किंग्स यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो वह 21 अंकों के साथ अपना लीग का अभियान खत्म कर सकती है। फिलहाल 12 मैचों में एक मैच के बेनतीजा रहने और छह जीत व पांच हार के साथ केकेआर फिलहाल छठे स्थान पर है और यदि वह अपने बाकी मैच जीतती है तो वह अधिकतम 15 अंक ही पा सकती है और उसकी चौथे स्थान पर रह कर प्लेऑफ की उम्मीदें बाकी है। केकेआर अपने मुल्क वापस लौट चुके विदेशी खिलाड़ियों के बुधवार रात या बृहस्पतिवार सुबह अपने आरसीबी के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले सबसे अहम मैच से पहले बेंगलुरु पहुंचने की उम्मीद है। केकेआर के वेस्टइंडीज के सुनील नारायण, आंद्रे रसेल व रॉमैन पावेल तथा टीम के मेंटर डेवन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं और इनके भी जल्द वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद है। वहीं आंद्रे नोकिया मालदीव में हैं जल्द केकेआर से जुड़ सकते हैं।

## रोहित और विराट का वनडे विश्वकप 2027 खेलना मुश्किल : सुनील गावस्कर

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे क्रिकेट ही खेलते नजर आएंगे। लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि रोहित-विराट अगले वनडे विश्व का हिस्सा होंगे, जो 2027 में साउथ अफ्रीका में खेला जाना है। सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि भारत के दोनों सीनियर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि सब कुछ चयनकर्ताओं की उस सोच पर निर्भर करता है कि रोहित और विराट टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। सुनील गावस्कर ने एक मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत में कहा कि रोहित और विराट वनडे फॉर्मेट के बेहतरीन परफॉर्मर रहे हैं। लेकिन चयनकर्ता अब 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम तैयार करेंगे। वे देखेंगे कि क्या ये दोनों अगले विश्व कप तक टीम में रह सकते हैं। क्या दोनों टीम के लिए तब भी अपना वही योगदान दे पाएंगे जो अभी दे रहे हैं। यह चयनकर्ताओं के लिए भी बेहद मुश्किल प्रक्रिया होगी। हालांकि अगर चयनकर्ताओं को लगता है तो दोनों निश्चित रूप से खेल सकते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि मैं बहुत ईमानदारी से कहूं तो मौजूदा फॉर्म के मुताबिक मुझे नहीं लगता कि रोहित और विराट वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। लेकिन अगर अगले 2 साल में उनका फॉर्म अच्छा रहा और वे शतक पर शतक बनाते गए तो फिर भगवान भी उन्हें ड्रॉप नहीं कर सकते।



■ रोहित को आईपीएल में लगभग हर मैच में फिटनेस की वजह से ही उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलना पड़ता है

## भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में नंबर चार का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा : पुजारा



**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ने भारत के सामने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया है अगला नंबर 4 कौन होगा? और चेतेश्वर पुजारा के अनुसार, इस सवाल का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि हमें यह समझने के लिए दो-तीन सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर कौन सबसे ज्यादा उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पोजीशन है। आपके सबसे अच्छे बल्लेबाज को नंबर 4 पर होना चाहिए। और इस समय यह अभी भी एक ऐसी जगह है जहां टीम मैनेजमेंट को तय करना होगा कि सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है। पिछले एक दशक से भारतीय टीम इस समस्या का सामना नहीं कर रही थी। सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद भारत ने 115 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 99 में कोहली ने नंबर 4 पर बल्लेबाजी की; इसके बाद सबसे ज्यादा बार अजिंक्य रहाणे ने (9 बार) इस पोजीशन पर बल्लेबाजी की है। 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत ने नंबर 4 पर चार बल्लेबाजों को आजमायाल केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार (दो टेस्ट में) और देवदत्त पड़िक्कल।

# कोहली के संन्यास से इंग्लैंड को बड़ा फायदा होगा : मोईन



**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना इस प्रारूप के लिए एक 'बड़ा झटका' है, उन्होंने भारतीय महान खिलाड़ी को एक 'अग्रणी' बताया, जिनके जुनून और करिश्मे ने प्रशंसकों को स्टेडियम में वैसे ही खींचा, जैसे कभी सचिन तेंदुलकर आते थे। भारत 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की कड़ी चुनौती के लिए तैयार है, मोईन ने स्वीकार किया कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मेहमानों के लिए एक बड़ा झटका है - और मेजबानों के लिए समय पर एक फायदा है। मोईन ने स्काई

यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया : मोईन अली



स्पोर्ट्स से कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया। उन्होंने खेल के लिए बहुत कुछ किया है, खासकर भारत में। मुझे लगता है कि सचिन के बाद, वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें देखने के लिए हर कोई आता था। उन्होंने स्टेडियम भर दिए। कोहली की तीव्रता और नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए, मोईन ने कहा कि उनका रिकॉर्ड शानदार था, वे देखने में शानदार खिलाड़ी थे - बहुत प्रतिस्पर्धी और शानदार कप्तान। जिस शैली से उन्होंने खेला, उसने कई लोगों को प्रेरित किया। यह न केवल भारत के लिए, बल्कि खेल के लिए भी एक बड़ा झटका है। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान कोहली ने इस सप्ताह की शुरुआत में रोहित शर्मा के साथ संन्यास ले लिया, जिससे 2025-27 द्विष्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने वाली एक महत्वपूर्ण श्रृंखला से ठीक पहले नेतृत्व और अनुभव की कमी हो गई। मोईन, जो खुद 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखते हैं, ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि भारत के दो सबसे वरिष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों की अनुपस्थिति से इंग्लैंड को बहुत फायदा होगा।

## बुमराह भारत की टेस्ट कप्तानी के हकदार हैं : अश्विन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से भारत की टेस्ट टीम में नेतृत्व का बड़ा खालीपन बन गया है और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के लिए एक योग्य उम्मीदवार हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब शो 'ऐश की बात' में कहा कि मुझे अंदाजा नहीं था कि दोनों (रोहित और कोहली) साथ में संन्यास लेंगे। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक कठिन समय होगा और यह सच में अब गौतम गंभीर युग की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि जो टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी, वह पूरी तरह से नई और बदली हुई होगी, जहां शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। वह निश्चित रूप से कप्तान बनने के विकल्पों में हैं। मुझे लगता है कि वह इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके फिटनेस के आधार पर इसका निर्णय लेंगे। कोहली और रोहित के संन्यास से नेतृत्व में जरूर खालीपन आएगा। अनुभव खरीदा नहीं जा सकता, विराट की ऊर्जा और रोहित का संतुलन टेस्ट क्रिकेट में बहुत याद आएगा। शुभमन गिल को रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि बुमराह इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक उपकप्तान थे। वह पर्थ टेस्ट में अंतरिम कप्तान थे और सिडनी के पांचवें टेस्ट में जब रोहित मैच से हटे थे, तब भी उन्होंने टीम का नेतृत्व किया था। बुमराह को पूर्णकालिक कप्तान बनाए जाने पर उनकी चोटों को लेकर चिंताएं रही हैं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के रोमांचक दौरे पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां वह 25 मई से 2 जून (आईएसटी के अनुसार) तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीम अर्जेंटीना के रोसारियो की यात्रा करेगी, जहां वह अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली के खिलाफ छह दोस्ताना मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट 25 मई से शुरू होगा, जिसमें भारत 25 और 26 मई को क्रमशः चिली और उरुग्वे के खिलाफ लगातार मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद, वे 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेंगे। मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में



■ 25 मई से 2 जून तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी

बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है, इसलिए हम विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हम कहां खड़े हैं, ताकि यह समझ सकें कि हमने कितना सुधार किया है। विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर खांडेकर ने कहा कि जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं - चाहे वह दौरा हो, द्विपक्षीय सीरीज हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो - आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए, हमारा उद्देश्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना और अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करना होता है, चाहे प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो।

## गुरुवार तक केकेआर टीम से जुड़ जाएंगे रसेल, नारायण और अन्य विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी बुधवार रात और गुरुवार सुबह के बीच बेंगलुरू में टीम से जुड़ जाएंगे, जहां पर 17 मई को उनका मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। केकेआर के कैरेबियन खिलाड़ी सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रोवमन पॉवेल और टीम मेंटॉर ड्वेन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं। वहीं केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज काबुल में हैं। वह दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों से जुड़ेंगे और फिर भारत के लिए उड़ान भरेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिख नॉर्खिए मालदीव से सीधे बेंगलुरू पहुंचेंगे और टीम से जुड़ेंगे ऑलराउंडर मोईन अली और तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन इस समय क्रमशः अपने देश इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में हैं और उनकी उपलब्धता को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि संकेत हैं कि वे भी लौट सकते हैं।

## ईशप्रीत चड्ढा ने बॉल्कलाइन फाइनल में पंकज आडवाणी को हराकर जीता खिताब

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। कई घंटों की चिंता और उम्मीद के बाद, क्यू स्पोर्ट में भारत के उभरते सितारे ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने रविवार को यहां एनएससीआई डोम में 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले एनएससीआई बॉल्कलाइन 4.0 अखिल भारतीय स्नूकर टूर्नामेंट के फाइनल में पंकज आडवाणी के खिलाफ मनोवैज्ञानिक और करियर को आगे बढ़ाने वाली 10-7 फ्रेम की जीत दर्ज की। पेशेवर स्नूकर में लगभग 53 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रखने वाले चड्ढा और आडवाणी नौ घंटे तक चले मैच (अंतराल के साथ) में लगभग बराबरी पर थे, लेकिन अंत में चड्ढा ने 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। आडवाणी को 2.5 लाख रुपये मिले। बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने 4-3 की बढ़त के साथ बेहतरीन पॉटिंग सफलता हासिल की, लेकिन चड्ढा ने अपने पॉटिंग कौशल और निरंतरता को और बेहतर बनाया और बिना किसी रोक-टोक के मैच के बाद चड्ढा ने 238-237 गेंदों पर पॉटिंग स्कोर बनाए रखा। फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक आडवाणी द्वारा 16वें में 122 बनाकर बनाया गया, जिसके बाद चड्ढा ने 17वें में 19 फ्रेम तक चलने वाले फाइनल को समाप्त कर दिया।इससे पहले, आडवाणी ने 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हिमांशु जैन के खिलाफ 8-2 से आसान जीत के साथ खिताब के लिए खुद को तैयार किया। आडवाणी ने तीन शतकीय ब्रेक के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया, जिसमें पराजित जैन ने दो फ्रेम अपने नाम किए। दूसरे सेमीफाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने आदित्य मेहता को 8-6 से हराकर आडवाणी के साथ पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति की। फाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा, जिन्होंने 147 का अधिकतम ब्रेक स्कोर किया, जो कि स्नूकर में पहले दौर में एक दुर्लभ घटना है, को आखिरकार पंकज के खिलाफ सफलता मिली, क्योंकि वे अपने शिखर दौर की दो भिड़ंत में हार गए थे।

### सार संक्षेप

#### खुद पर यकीन हो तो नामुमकिन कुछ भी नहीं : धलाना

**गया/पटना(** केरल की मिट्टी में जन्मी 16 वर्षीय धला ा के. एस. की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं बल्कि अटूट विश्वास और कभी हार न मानने वाले हौसले की मिसाल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 225 के मंच पर कलारीपयट्टू की इस योद्धा ने पिछले तीन सालों में दो स्वर्णिम और एक कांस्य पदक जीतकर न सिर्फ अपने राज्य का नाम रोशन किया है बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि यदि दिल में कुछ कर गुजरने की चाहत हो और खुद पर अटूट यकीन हो तो मुश्किलों की दीवार भी ढह जाती है। धलाना, जिनके हाथों में केरल की सदियों पुरानी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की शक्ति और फुर्ती बसती है, ने बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 225 में लड़कियों के चुवा डुकल वर्ग के फाइनल में अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

#### चमारी अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 1 प्रतिशत जुर्माना

**कोलंबो।** की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 1 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गये। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 1 प्रतिशत जर्माना लगाया गया।

#### सिनर चोटिल डी जोंग को हराकर रोम में आगे बढ़े

**रोम।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने रोम में इंटरनेशनली बीएनएल डी%इटालिया (इटैलियन ओपन) के दूसरे दौर में डच लकी लूजर जेस्पर डी जोंग पर सीधे सेटों में आसान जीत के साथ डोपिंग प्रतिबंध से अपनी वापसी जारी रखी। शनिवार को तीन महीने से अधिक समय के बाद अपने पहले मैच में मारियानो नवोन को हराने वाले इतालवी ने सोमवार को एक और स्थिर प्रदर्शन के साथ इसे आगे बढ़ाया, सोमवार रात को जेस्पर डी जोंग को 6-4, 6-2 से हराया। कैंपो सेंट्रल पर मुखर इतालवी दर्शकों के सामने खेलते हुए, सिनर ने पहले सेट में ब्रेक एडवांटेज खो दिया, लेकिन जल्दी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिक्रिया दी। विश्व के नंबर 1 ने फिर दूसरे सेट में डी जोंग के खिलाफ गियर्स के माध्यम से आगे बढ़े, जिन्होंने दूसरे सेट में 1-3, 4/15 पर फिसलने पर अपनी दाहिनी कलाई को चोटिल कर लिया।

# आईपीएल 2025 : एसआरएच से जुड़ सकते हैं कमिंस और हेड

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पैट कमिंस और ट्रैविस हेड के 17 मई से आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) टीम से दोबारा जुड़ने की संभावना है। ये दोनों उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल थे जो 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित होने पर देश छोड़कर चले गए थे।

हालांकि, दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुना गया है, जिससे यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि क्या ये खिलाड़ी आईपीएल में वापसी करेंगे, खासकर तब जब एसआरएच पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का ऐलान 11 मई को भारत और



■ 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था

पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद किया गया। माना जा रहा है कि कमिंस, जो एसआरएच के कप्तान हैं, और हेड ने फ्रेंचाइजी को सूचित किया है कि वे भारत लौटने के लिए तैयार हैं। कमिंस के मैनेजर नील मैक्सवेल ने मंगलवार को न्यूज कॉर्प को बताया, पैट की एक जिम्मेदारी है बतौर कप्तान और वह वापसी करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नेशनल टीम्स के प्रमुख, बेन ऑलिवर ने कहा कि यह एक कि अत्यधिक असाधारण स्थिति है और बोर्ड आने वाले दो दिनों में खिलाड़ियों के साथ उनके व्यक्तिगत फैसलों को लेकर सहयोग करेगा कि वे भारत लौटें या नहीं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि एसआरएच के अन्य विदेशी खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन, ईशान मलिंगा, कमिंदु मेंडिस और वियान मुल्डर टीम से दोबारा जुड़ेंगे या नहीं। मुल्डर को भी दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए शामिल किया गया है।

## आज गुजरात टीम के साथ फिर से जुड़ेंगे कोएत्जी और बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 17 मई से दोबारा शुरू होने से पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी बुधवार, 14 मई को गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीम से दोबारा जुड़ जाएंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी - राशिद खान, शरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत- बाकी टीम के साथ भारत में ही रुके थे, जबकि बटलर और कोएत्जी अपने देश चले गए थे। हालांकि, रदरफ़ोर्ड को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में होने वाली वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है। ये तारीखें आईपीएल 2025 के प्लेऑफ चरण के साथ टकरा रही है। इंग्लैंड ने अभी तक इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन बटलर के उसमें शामिल होने की उम्मीद है।

## अल्काराज ने रोम में खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**रोम, 13 मई (एजेंसियां।** स्पेन के कार्लोस अल्काराजने मंगलवार को कैंपो सेंट्रल में करेन खाचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत हासिल करते हुए पहली बार इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी दो घंटे, 29 मिनट की जीत के साथ, अल्काराज अब सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंच गए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी 2021 में रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल के बाद रोम में अंतिम आठ में जगह बनाने वाले पहले स्पेनियार्ड हैं। शुरुआती कुछ गेम में अल्काराज को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह एक स्विच फ्लिक करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट बनाते हुए लगातार पांच गेम जीते और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की लहर पर सवार हैं, जब उन्होंने दूसरे सेट में 3-2 से ब्रेक करने के लिए तीन शानदार क्लीन विनर बनाए। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, खाचानोव ने खुद को एक और सीधे सेटों में हार की संभावना से विचलित नहीं होने दिया।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 0.84 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.48 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.29 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.04 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.03 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 3.54 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.40 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.38 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.94 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.88 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,620 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक तीन ट्रिलियन डॉलर के अवसर करेगा पेश

**■ विनिर्माण क्षेत्र के विकास में अग्रणी बनकर उभरने की उम्मीद**

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक कृषि क्षेत्र को पीछे छोड़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 से 32 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेगा। इसी के साथ, यह क्षेत्र मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के नेतृत्व में 3 ट्रिलियन डॉलर के अवसर लाएगा। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। विनिर्माण क्षेत्र के विकास में अग्रणी बनकर उभरने की उम्मीद है, जो 2035 तक औद्योगिक क्षेत्र का दो-तिहाई हिस्सा और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लेगा।

ओमनीसाइंस कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के साथ उच्च घरेलू खपत और 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात के लक्ष्य से इस वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है, जो देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्तमान में, यह भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, 'मेक इन इंडिया' पहल, उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसी सरकारी पहल इस वृद्धि को बढ़ावा दे रही हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत के महत्वाकांक्षी 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, व्यापारिक निर्यात को मौजूदा 450 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर करना चाहिए, जिसके लिए सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर की जरूरत होगी। वैश्विक व्यापारिक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2005 में 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 1.8 प्रतिशत हो गई है।

## भारत ने डब्ल्यूटीओ को दी स्टील पर टैरिफ प्लान की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को सूचित किया है कि देश ने चुनिंदा अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है, ताकि अमेरिका से सुरक्षा शुल्क के रूप में भारतीय स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर लगाए गए शुल्कों का मुकाबला किया जा सके। डब्ल्यूटीओ कम्युनिकेशन के अनुसार, इन अमेरिकी सुरक्षा उपायों से भारतीय उत्पादों के 7.6 बिलियन डॉलर के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें अनुमानित शुल्क संग्रह 1.91 बिलियन डॉलर है।



जब अप्रैल में टैरिफ लगाने के निर्णय की घोषणा की गई थी, तब भारत ने डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका से परामर्श का अनुरोध किया था। डब्ल्यूटीओ में अमेरिका का रुख यह था कि भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे और उन्हें सुरक्षा उपाय नहीं माना जाना चाहिए। भारत ने डब्ल्यूटीओ को अपने नोटिफिकेशन में स्टील, एल्युमीनियम और इससे जुड़े उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में रियायतें और अन्य दायित्वों को निलंबित करने की अपनी मंशा की घोषणा की। भारत के अनुरोध पर 9 मई, 2025 को डब्ल्यूटीओ कम्युनिकेशन प्रसारित किया गया था। इसमें बताया गया है कि हालांकि अमेरिका ने इन उपायों को डब्ल्यूटीओ को औपचारिक रूप से अधिसूचित नहीं किया है, लेकिन उन्हें प्रभावी रूप से सुरक्षा उपाय माना जाता है।

# भारत की विश्वसनीय रक्षा निर्यातक के रूप में पहचान हुई मजबूत

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'मेड इन इंडिया' हथियारों के शानदार प्रदर्शन को लेकर चारों ओर चर्चाएं हो रही हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने रक्षा बजट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, देश का रक्षा बजट बीते 12 वर्षों में 4.28 लाख करोड़ बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत का रक्षा बजट इन बीते वर्षों में लगभग 150 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है, जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि रक्षा बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। पोस्ट में आगे बताया गया है कि रणनीतिक सुधारों, प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी और इनोवेशन ने स्वदेशी विनिर्माण को




**■ रक्षा बजट में भी 12 वर्षों में जबरदस्त वृद्धि**

बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की पहल में अपना योगदान दिया। इसी के साथ देश की वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय रक्षा निर्यातक के रूप में पहचान मजबूत हुई है और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास को भी मजबूती मिली है। दरअसल, केंद्रीय बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 6,81,210.27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तकनीकी रूप से एडवांस्ड और 'आत्मनिर्भर' सशस्त्र बलों के साथ 'विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# सोने में तेजी लौटी, 8 रुपए प्रति 1 ग्राम बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारी गिरावट के बाद सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली है। इस कारण 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत एक बार फिर से करीब 94,000 रुपए और चांदी का दाम 96,000 रुपए प्रति किलो से अधिक हो गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, आज 24 कैरेट के सोने का दाम 866 रुपए बढ़कर 93,942 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 93,076 रुपए पर था।

इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का दाम 793 रुपए बढ़कर 86,051 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड का रेट 650 रुपए बढ़कर 70,457 रुपए हो गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। एक किलो चांदी की कीमत 2,255 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 94,095 रुपए प्रति किलो थी। घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी थी। कॉमेक्स पर सोना करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 3,258 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 33.31 डॉलर प्रति औंस पर थी।



# अप्रैल में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। सांख्यिकी मंत्रालय से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में कमी आने से घरेलू बजट को राहत मिली है, जिससे भारत की खुदरा मुद्रास्फीति इस साल अप्रैल में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो इससे पहले मार्च में 3.34 प्रतिशत थी।

खाद्य मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, जो अप्रैल में धीमी होकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जबकि मार्च में यह 2.69 प्रतिशत थी।

यह लगातार तीसरा महीना है, जब मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 प्रतिशत मध्यम अवधि के लक्ष्य से नीचे रही है और इससे केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी नरम मौद्रिक नीति को जारी रखने में सक्षम होगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की वार्षिक मुद्रास्फीति दर इस वर्ष मार्च में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में घटकर 3.34 प्रतिशत रह गई, जो अगस्त 2019 के बाद सबसे निचला स्तर था। देश में खुदरा मुद्रास्फीति हाल के महीनों में घट रही है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को पहले के 4.2 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि रबी फसलों को लेकर अनिश्चितताएं काफी कम हो गई हैं और दूसरे अग्रिम अनुमान पिछले साल की तुलना में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा कि खरीफ की मजबूत आवक के साथ खाद्य मुद्रास्फीति में स्थायी नरमी आने की उम्मीद है।



**■ खाद्य कीमतों में कमी आने से घरेलू बजट को मिली राहत**

## सार संक्षेप

### एक्सिस बैंक व लक्ष्य शूटिंग क्लब ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शूटिंग स्पोर्ट्स को वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत नवी मुंबई में एक विश्वस्तरीय 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी)' स्थापित किया जाएगा। इस समझौते पर एक्सिस बैंक के समूह कार्यकारी और प्रमुख (होलसेल बैंक कवरेज और सस्टेनेबिलिटी) विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की अध्यक्ष एवं ओलंपियन सुमा शिरूर ने हस्ताक्षर किए। यह सेंटर युवाओं के लिए न सिर्फ प्रशिक्षण हब बनेगा बल्कि ओलंपिक स्तर के एथलीट्स को तैयार करने का भी प्रमुख केंद्र होगा। इस शूटिंग सेंटर में एयर राइफल, एयर पिस्टल और सिमुलेटेड 5 मीटर रेंज की आधुनिक सुविधाएं होंगी। साथ ही एकीकृत खेल विज्ञान केंद्र, खेल मनोविज्ञान इकाई, चोट निवारण तथा रिकवरी सुविधाएं और आवासीय ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

### रुपए में तेजी, डॉलर के मुकाबले 75 पैसे बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में शानदार तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को रुपया 75 पैसे की बढ़त के साथ 84.65 पर खुला। इससे पहले के सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.38 के स्तर पर बंद हुआ था। जानकारों के मुताबिक, कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.5 से लेकर 85.25 की रेंज में कारोबार कर सकता है। रुपए में तेजी ऐसे समय पर आई है जब हाल ही में अमेरिका और चीन में व्यापार समझौता हुआ है और इससे वैश्विक बाजारों में अधिक स्थिरता आएगी। यूएस और चीन व्यापार समझौते के तहत अमेरिका चीनी उत्पादों पर टैरिफ को 9 दिनों के लिए 145 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करेगा। चीन भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 9 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करेगा। इसके साथ ही दोनों देश आर्थिक और व्यापारिक संबंधों पर चर्चा जारी रखने के लिए सिस्टम स्थापित करेंगे।


### पेटीएम में 1.7 करोड़ शेयरों का हुआ लेनदेन

**मुंबई।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड में मंगलवार को कई बड़े सौदों में 1.7 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ और इन शेयरों की वैल्यू करीब 2,38 करोड़ रुपए थी। फिलहाल इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है कि इन सौदों में खरीदार और विक्रेता कौन हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलीबाबा ग्रुप की सहायक कंपनी एंटफिन इन सौदों में विक्रेता है। वन97 कम्युनिकेशंस में 9.85 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दूसरी सबसे बड़ी शेयरधारक एंटफिन की कंपनी में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना थी। फिनटेक कंपनी ने फ्लोर प्राइस 89.75 रुपए प्रति शेयर तय किया है, जो कि पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 6 प्रतिशत डिस्काउंट पर है।

# मुनाफा वसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई वहीं 74 में टिकाव रहा।विश्लेषकों के अनुसार, कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट-कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है।




**■ सेंसेक्स 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,148.22 अंक पर**

**■ निफ्टी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद**

दूसरी ओर, वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है।

इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक टूटकर 24,864.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,973.80 अंक के उच्चतम जबकि 24,547.50 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,924.70 अंक की तुलना में 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंफ़ोसिस 3.54, पावरग्रिड 3.40, इटरनल 3.38, एचसीएल टेक 2.94, टीसीएस 2.88, भारती एयरटेल 2.74, इंडसइंड बैंक 2.32, एनटीपीसी 1.99, एचडीएफसी बैंक 1.76, टाटा मोटर्स 1.76, आईटीसी 1.71, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.63, बजाज फिनसर्व 1.58 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 0.84, अदानी पोर्ट्स 0.48, बजाज फाइनेंस 0.29, एसबीआई 0.04 और टेक महिंद्रा के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

# भारत 2025-2026 तक 16.6 मिलियन वर्ग फुट नए मॉल स्पेस जोड़ेगा

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। भारत का रिटेल सेक्टर एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है, इस बदलाव के साथ 2025 और 2026 में शीर्ष सात शहरों से 16.6 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए ग्रेड ए मॉल स्पेस पेश होने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक रिसर्च के संकलित आंकड़ों के अनुसार, यह उछाल बढ़ती उपभोक्ता मांग और रिटेल लीजिंग में मजबूत गति की वजह से देखा जा रहा है। एक्सपर्ट्स इसे रिटेल सेक्टर के लिए स्वर्णिम युग के रूप में देख रहे हैं। हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर इस सप्लाई उछाल का नेतृत्व करेंगे, जो आगामी मॉल स्पेस का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा होगा। यह इन शहरों में उच्च-विकास खपत केंद्रों की ओर बदलाव को दर्शाता है। यह विस्तार व्यापक रिटेल रियल एस्टेट पाइपलाइन का हिस्सा है, जिसके तहत 2029 तक पूरे भारत में 40 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए रिटेल स्पेस जोड़े जा सकते हैं। एनारॉक रिटेल के सीईओ और एमडी अनुज केजरीवाल ने कहा कि हाल के वर्षों में क्वालिटी सप्लाई की कमी के कारण भी मॉल के अधिक विकास पर जोर दिया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि 2022 में शीर्ष शहरों में केवल 2.6 मिलियन वर्ग फुट नई सप्लाई देखी गई, जबकि लीजिंग 3.2 मिलियन वर्ग फुट पर पहुंच गई। इसी तरह, 2023 में, नई सप्लाई 5.3 मिलियन वर्ग फुट थी।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में डेटा इस्तेमाल बढ़ने से भारतीय दूरसंचार कंपनियों को अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट अपनाने और डेटा खपत में वृद्धि भारतीय दूरसंचार कंपनियों के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) में वृद्धि के लिए संरचनात्मक चालक के रूप में उभर रही है। इस ट्रेंड का लाभ उठाने के लिए दूरसंचार कंपनियां ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही हैं, जिससे उनके डेटा सब्सक्राइबर बेस और रिटर्न का विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चार कैलेंडर वर्षों में, ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच 59 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच 77 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। ऑनलाइन कम्युनिकेशन, डिजिटल पेमेंट के निरंतर अपनाने के साथ-साथ सोशल मीडिया, कंटेंट स्ट्रीमिंग सर्विस और ई-कॉमर्स के बढ़ते उपयोग से वित्त वर्ष 2026 के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।



कीमत के प्रति अधिक संवेदनशील होने के बावजूद, ग्रामीण इंटरनेट यूजर्स बेस 2024 के मध्य में टैरिफ बढ़ोतरी के बावजूद भी पिछले वर्ष के दौरान मजबूत बना रहा। यह ग्रामीण यूजर्स की मोबाइल इंटरनेट पर उच्च निर्भरता को दर्शाता है।

**■ दूरसंचार कंपनियां ग्रामीण कनेक्टिविटी को कर रही मजबूत**

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति उपयोगकर्ता डेटा उपयोग में वृद्धि को नेटवर्क विस्तार, प्रतिस्पर्धी मूल्य वाली योजनाओं और स्मार्टफोन का बेहतर सामर्थ्य द्वारा भी समर्थन मिल रहा है। इस गति का अधिकांश हिस्सा सर्किल बी और सी में दिखाई देता है, जो भारत में ग्रामीण सब्सक्राइबर बेस का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं।

बीते चार वर्षों में इन सर्किल में डेटा खपत 19-22 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ा है। जबकि, मेट्रो सिटी में डेटा खपत 17-19 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ा है। यह मोबाइल डेटा सर्विस के पेनिट्रेशन और स्थिर मांग को दर्शाता है।

# शहर में पानी की समस्या, दूषित पेयजल आपूर्ति,पूर्व विधायक शैलेश पांडे के नेतृत्व में कलेक्टर से मिला कांग्रेस पार्षद दल

## शैलेश पांडे ने कलेक्टर से कहा-अरपा बैराज का काम पूरा हो ताकि शहर में जल स्तर सुधर सके,जनता को पानी की समस्या न हो

### नेताप्रतिपक्ष भरत ने कहा की दूषित पानी की जांच करवाई जाए और जरूरी बोर करवाए जाएं



**बिलासपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। शहर में पानी की किल्लत , दूषित पेयजल समस्या को लेकर आज पूर्व विधायक शैलेश पांडे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिला। पूर्व विधायक ने सभी कांग्रेस पार्षदों का और पूर्व पार्षदों का कलेक्टर से परिचय कराया उस समय नगर निगम आयुक्त अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और अतिरिक्त कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी भी कक्ष में उपस्थित थे।

शैलेश पांडे ने कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए और जलस्तर सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस शासनकाल में अरपा नदी में दो बैराज बनाने का काम शुरू कराया था ताकि अरपा में पानी रहे और शहर का जल स्तर बना रहे ,लेकिन अभी तक अरपा बैराज का काम अधूरा है जिसकी वजह से अरपा में पानी नहीं होने से शहर में जलस्तर नीचे जा रहा है। बोरिंग फेल हो रहे हैं और लगभग 70 में से 55 वार्डों में बोरिंग फेल होने से पानी की समस्या बनी हुई है। पूर्व विधायक शैलेश पांडे के साथ आज कांग्रेस पार्षद दल ने अरपा बैराज का काम जल्द पूरा करने तथा शहर में पेयजल,गंदे पानी की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए कलेक्टर को एक पत्र भी दिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पूर्व विधायक तथा कांग्रेस पार्षद दल को भरोसा दिलाया है कि जहां पर गंदे पानी की शिकायत मिल रही है पानी की जांच कराई जाएगी। और मौके पर ही निगम आयुक्त अमित कुमार को कलेक्टर ने गंदे पानी की जांच करने से निर्देश दिए? । उन्होंने यह भी कहा कि हमें पानी को बचाने का प्रयास करना है हम सब की जिम्मेदारी है कि बारिश के पानी को कैसे बचाएं । हम सब के सहयोग से ही शहर में जल स्तर को सुधारा जा सकता है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि नया बोरिंग करना कोई पानी की समस्या का हल नहीं है आज 50 में से 42 बोरिंग फेल हो रहे हैं। सभी के सहयोग से ही बारिश के पानी को सुरक्षित रखने का काम करना होगा।

पूर्व विधायक श्री पांडेय तथा कांग्रेस पार्षद दल के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप तथा उपनेता प्रतिपक्ष संतोषी बघेल ने कलेक्टर को बताया कि शहर में लगभग सभी वार्डों में पानी की काफी समस्या है । टैंकर से भी नियमित पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। तालापारा , करबला , कुदु दंड, सही कई वार्डों में निगम चैनल में गंदा पानी आने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसके पहले महापौर तथा निगम आयुक्त को भी पानी की समस्या से अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है जिससे आम नागरिकों में काफी आक्रोश है और कांग्रेस पार्षद दल दल पानी की समस्या को लेकर कल निगम कार्यालय का घेराव भी करने जा रहा है। पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि अरपा बैराज का काम यदि समय पर पूरा हो जाता तो आज शहर का जलस्तर ठीक रहता पानी की समस्या नहीं होती। भाजपा शासन काल में गंदे पानी की विकराल समस्या है और दूषित पानी पीने से कई वार्ड में लोग बीमार पड़ रहे हैं और जनप्रतिनिधि भी इससे अछूते नहीं है। उन्होंने कहा है कि शहर में पेयजल की समस्या से लोग परेशान है लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है । निगम के पास टैंकर भी नहीं है और लोगों को दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है । इसके विरोध में कल कांग्रेस पार्षद दल और कांग्रेस जन विकास भवन का घेराव करेंगे। नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा है कि जिन मुद्दों को लेकर निगम चुनाव में भाजपा ने चुनाव जीता महापौर ने चुनाव जीतने के बाद कोई भी वादा पूरा नहीं किया। सभी वार्डों में नाली, पानी ,सड़क ,बिजली और सफाई की समस्या है। शहर में त्राहि त्राहि मची हुई है। पूर्व विधायक और नेता प्रतिपक्ष ने शहर की ओर ज्वलंत समस्या को लेकर कलेक्टर से चर्चा की है। कलेक्टर ने कहा कि निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में में जो भी समस्या आ रही हैं उसका निराकरण किया जाएगा।

आज ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी रामा बघेल, पार्षद दिलीप पाटिल, अमित भारते,ओम कश्यप , रीता कश्यप,अनीता कश्यप, पूर्व पार्षद दीपांशु श्रीवास्तव, रामा बघेल ,शंकर कश्यप, अखिलेश गुप्ता, हिमांशु कश्यप के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

# आईजी ने बिलासपुर एसएसपी के चलाए गए चेतना अभियान की तारीफ की



### आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने ली बिलासपुर जिले की समीक्षा बैठक

**बिलासपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ संजीव शुक्ला द्वारा मंगलवार को जिला पुलिस बिलासपुर के सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई । जिसमें शासन एवं पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकता के बिंदुओं और बेसिक पुलिसिंग की समीक्षा की गई । पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अपने रेंज के सभी जिलों की कार्यो की समीक्षा और आवश्यक दिशा निर्देश देकर पूरे रेंज में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जा रही है । पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को अपने कार्यों को समय पर और प्रभावी तरीक़े से पूरा करने एवं बेसिक पुलिसिंग करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही ग़ैर अनुशासित आचरण व भ्रष्ट कार्यो में संलिप्तता होने पर तत्काल कार्रवाई कर उन्हें दंडित करने के लिए निर्देशित किया ।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नवीन कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ज़ोर दिया गया ।बीट सिस्टम को स्ट्रॉन्ग बनाकर प्रत्येक कर्मचारी के कार्यों का सही मूल्यांकन , साप्ताहिक डायरी के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया गया । गुंडे बदमाशों पर बेहतर कार्रवाई करने, पुराने, असक्रिय ,गुंडे बदमाशों को माफ़ी सूची में लाने तथा नवीन निगरानी गुंडा फाइल खोलने हेतु निर्देशित किया गया । समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से परेड ,अनुशासन, हक़ पेशी , रिकॉर्ड नष्टीकरण, विजिबल पुलिसिंगके माध्यम से बेसिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । लंबित अपराध लंबित चालान का शीघ्र निराकरण एवं गंभीर अपराधों का 90 दिन में , व अन्य अपराधों का 60 दिन के भीतर निराकरण करने हेतु सभी विवेचकों को सख़्त निर्देश दिए गए । उन्होंने जप्त वाहन ,राजसात वाहन में बिलासपुर ज़िले की अच्छी कार्रवाई कीप्रशंसा भी की । नविन कानूनों एवं विवेचना में सहायक विभिन्न एप्प जैसे ईस समान ई साक्ष्य समन्वय के अधिक से अधिक उपयोग एवं आवश्यकतानुरूप कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर भी बल दिया गया

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा लंबित शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया ।सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत चेतना अभियान की तारीफ़ करते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सामुदायिक पुलिसिंग को एक नया आयाम दिया है यह एक ऐसा अभियान है जिसमे चेतना अभियान द्वारा नशा, महिला और बाल अपराध, साइबर, सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा, और अन्य संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के साथ समाज में जागरूकता लाने और सुरक्षित समाज बनाने हेतु अच्छी अभियान है ।

डॉ. संजीव शुक्ला आईपीएस आईजीपी बिलासपुर द्वारा मुख्य रूप से बेसिक पुलिसिंग, सड़क सुरक्षा, अनुशासन, प्रभावी कार्यवाही, पर विशेष रूप से फ़ोकस करते हुए निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा जिला में बेहतर कार्य कर बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करें । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित सभी बिन्दु पर अक्षरशः पालन कर भविष्य में और बेहतर पुलिसिंग कर अपराध नियंत्रण और सभी पहलू पर बेहतर परिणाम देने हेतु आश्वस्त किया गया।

# रेलवे जीएम तरुण प्रकाश ने रायपुर रेल मंडल की समीक्षा बैठक ली

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अध्यक्षता में आज 13 मई को समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर दयानंद सहित प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं रायपुर रेल मंडल में चल रही परियोजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे ।



बैठक में रेलवे की वर्तमान प्रगति, यात्री सुविधाओं, मालभाड़ा परिवहन, सुरक्षा उपायों, बुनियादी ढांचे के विकास एवं आगामी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई । महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और यात्री सुविधाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित किया जाए । स्टेशनों पर स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल टिकटिंग, प्लेटफॉर्म सुधार, एवं विद्युतीकरण कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा । उन्होंने कहा कि रेलवे केवल एक परिवहन माध्यम नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके हर पहलू में गुणवत्ता व पारदर्शिता होनी चाहिए ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने हाल ही में शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं, विद्युतीकरण, स्टेशन पुनर्विकास की स्थिति की विवेचना कर कार्य की गति को बढ़ाने की हिदायत दी, साथ ही जिन परियोजनाओं में विलंब हो रहा है, उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश भी दिए । समीक्षा बैठक में सुरक्षित रेल परिचालन, गाड़ियों की समयबद्धता, रायपुर रेल मंडल में चल रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों पर अधिकारियों से चर्चा की। अंत में उन्होंने अधिकारियों से जनभागीदारी, कर्मचारियों के कल्याण और यात्री संतुष्टि के साथ रेलवे कार्यों को अमल में लाने के कड़े निर्देश दिये ।

**NECC**

| 14.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 160 |
| डिलीवरी | 520 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

**CSPFA**




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771